मरुधर केसरी प्रवर्तक
मुनि श्री मिश्रीमल जी महाराज

श्री जैन राम यशोरसायन

मरुधर केसरी प्रवर्तक
मुनिश्री मिश्रीमलजी महाराज

श्री
जैन राम
यशोरसायन

श्री जैन राम यशोरसायन

रचयिता :

स्वर्गीय प्रवर्तक

मरुधरकेसरी श्री मिश्रीमल जी महाराज

प्रकाशक

पूज्य श्री रघुनाथ जैन साहित्य शोध संस्थान

जोधपुर

● श्री रघुनाथ जैन साहित्य शोध संस्थान का द्वितीय-ग्रन्थ

● श्री जैन राम यशोरसायन

● श्रमणसूर्य प्रवर्तक
मरुधरकेसरी श्री मिश्रीमल जी महाराज

● संयोजक
प्रिय शिष्य युवकहृदय श्री सुकन मुनि जी महाराज

● प्रकाशक
पूज्य श्री रघुनाथ जैन साहित्य शोध संस्थान
जोधपुर

● प्राप्तिस्थान
श्री मरुधरकेसरी साहित्य प्रकाशन समिति
पीपलिया बाजार, ब्यावर (राज०)

● अर्थ-सौजन्य
श्रीमान जसवन्तराज जी लूणावत
आनन्दपुर (कालु) एवं बैंगलोर

● मुद्रक
श्रीचन्द सुराना के लिए
प्रिंट सेन्टर,
[illegible] आगरा-3

● प्रथम संस्करण
वीर संवत् — २५०७
वि० संवत् — २०३६, फागुन
ईस्वी सन् — १९८०, जनवरी

मूल्य : लागत मात्र १५) पन्द्रह रुपये

गुरुदेव श्री की काव्य छटा वडी ही मनोहर, प्रवाहपूर्ण तथा गायन मे लयबद्ध, सरसता से परिपूर्ण है। इसमे काव्य, नीति और वैराग्य—ये तीनो ही तत्त्व भरपूर मात्रा मे विद्यमान है।

जैन महाभारत 'पाण्डव यशोरसायन' के नाम से वहुत पहले ही प्रकाशित हो चुका है। यह विशाल काव्य यद्यपि आज दुष्प्राप्य-सा हो रहा है, फिर भी जहा है, उसकी अत्यन्त उपयोगिता है। राजस्थानी भाषा की डिंगल-पिंगल शैली मे इस काव्य की छटा वडी ही वीररस से परिपूर्ण और ओज-तेज से दीप्तिमान है।

रामायण-कथा पर गुरुदेव श्री की यह द्वितीय रचना **'जैन राम यशो-रसायन'** पाठको के समक्ष प्रस्तुत है। इस मन-मोहक सुन्दर काव्यकृति के विपय मे अधिक कुछ लिखना दीपक लेकर सूर्य को दिखाने जैसा होगा। पाठको के कर-कमलो में यह भावपूर्ण रसवाहिनी काव्यकृति प्रस्तुत है, पाठक पढे, भाव-विभोर होकर गाये और वैराग्य-आनन्द-रस की सरिता मे स्वयं भी डुबकियाँ लगाये और श्रोता समूह को भी।

गुरुदेव के प्रिय शिष्य सेवा भावी युवकहृदय मधुरवक्ता श्रीसुकन मुनिजी महाराज की प्रेरणा व साहित्य रुचि के कारण अभी यह प्रकाशन पाठको के हाथो मे पहुंच रहा है।

इस महान कृति के प्रकाशन-मुद्रण मे आनन्दपुर (कालू) निवासी श्रीमान् जसवन्तराज जी लुणावत ने पूर्ण श्रद्धा के साथ अर्थ-सहयोग प्रदान किया है, इसलिए हम आपकी उदारता के लिए आभार प्रकट करते है। साथ ही इसकी मुद्रण व्यवस्था मे श्रीमान् श्रीचन्दजी सुराना का आत्मीय सहयोग मिला है, उनको भी हार्दिक धन्यवाद।

आशा है—'यावच्चन्द्रदिवाकरौ'—यह महान् रचना जन-मन को आनन्दित करती रहेगी।

मन्त्री

—श्री रघुनाथ जैन साहित्य शोध संस्थान

जोधपुर

रुचिकर रामायण (रामरसायण) के लिये

* दोहा *

रचना रामायण तणी बणी घणी सश्रीक।
मिश्री डलिया मोदनी किणने लगे न ठीक ॥ १ ॥

वक्ता ने व्हाली लगे श्रोता ने सुणताय।
छिनभर छूट सके नहो सुधा - घूंट पीताय ॥ २ ॥

विनती म्हारी मानने विरची आ गुरुदेव।
यो उपकार अपार जो राजत हृदय सदैव ॥ ३ ॥

विविध भाव रागो विविध युक्ती विविध विलास।
विविध छन्द की छोलसूं उर उपजे उल्लास ॥ ४ ॥

व्यंग-भाव पुनि विविध है पण्डित परखे ताय।
अथवा अनुभव से पिये रामायण रस प्राय ॥ ५ ॥

कलि-मल-हरणी है कथा भर्ता वाञ्छित भुक्ति।
रामायण रमणीक यह शुकन-श्रमण की सूक्ति ॥ ६ ॥

—श्रमण शुकन

रुचिकर रामायण (रामरसायण) के लिए

कमनीय कामना

वीर छन्द

श्रमण-सूर्य है मरुधर-केहरि आगम-ज्ञाता शान्ति-स्वरूप,
विविध तरह के गायन में जिन रामायण यह रची अनूप।
जो नर पूर्ण-प्रेम से गावे, पावे वाञ्छित फल तत्काल,
इसकी प्रेस-कापी करने का सौभागी मैं हूँ 'कवि बाल' ॥१॥

हरिगीतिका छन्द

सुग्रीव की प्रिय-मित्रता अरु वीर बाली की कथा,
हनुमान की सेवा अनन्य रु सती सीता की व्यथा
सद्भाव धारे हृदय में जो भरत-लक्ष्मण बन्धु में,
दे सीख रामायण यही, तर जाय वो भव-सिन्धु में ॥१॥

—कवि किंकर 'बाल'

सबसे छोटे पुत्र श्री वस्तारामजी का विवाह श्रीमती सूरजबाई के साथ हुआ था। विवाह के एक वर्ष बाद आपका स्वर्गवास अल्प आयु मे हो गया।

स्व० भूरचन्दजी के मझले पुत्र श्री सैलराजजी की रुचि राजनीति की अपेक्षा व्यापार मे अधिक थी। इस हेतु तामिलानाडू को प्रस्थान किया। अनेक कष्टो को सहन करते हुए आपने परिश्रम एवं लगन से सुव्यवस्थित ढंग मे कार्य कर धनार्जन किया और निम्नलिखित स्थानो मे संस्थाये स्थापित की।

(१) मुद्रान्तगम (जिला, चिंगलपेठ)।
(२) आरनी (जिला वेलूर)।
(३) सीरगाली (सीयाली, जिला तन्जाऊर)।

दैविक कृपा से आपके भी तीन पुत्र एव एक पुत्री ने ही जन्म लिया था। ज्येष्ठ पुत्र श्री जसवन्तराजजी, मझले श्री सोहनराजजी व सबसे छोटे श्री मोतीलालजी तथा पुत्री सुन्दरकँवर थी। मझले पुत्र श्री सोहनराजजी का स्वर्गवास आपके जीवनकाल में ही हो गया। विक्रम संवत् १९८९ मे आपका स्वर्गवास भी हो गया। आप अपने पीछे दो पुत्र एवं एक पुत्री छोड-कर स्वर्ग सिधारे। आपकी धर्मपत्नि कन्याबाई धर्मानुरागी, व्यवहार कुशल एवं सेवाभावी थी। यह आश्चर्य है कि कन्याबाई का जन्म, विवाह एव मृत्यु का स्थल आनन्दपुर (कालू) ही रहा। आपका स्वर्गवास विक्रम संवत् २०१२ चैत्र पूर्णिमा को हुआ।

श्री सैलराजजी साहब के ज्येष्ठ पुत्र श्री जसवन्तराजजी का जन्म विक्रम संवत् १९७८ के भाद्रपद शुक्ला ५ संवत्सरी के पावन पर्व के दिन हुआ। आपको अपने बडे पिता श्री केसरीमलजी के दत्तक पुत्र बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आप अपने पिता की तरह ही व्यापार-कुशल है। आपने अपनी प्रतिभा से बंगलौर मे व्यावसायिक प्रतिष्ठान स्थापित किया जो 'महावीर इलैक्ट्रिक कम्पनी' के नाम से मशहूर है। कर्नाटक और तामिलनाडु मे प्रसिद्ध कम्पनी फिलिप्स के डिस्ट्रीब्यूटर है। इसके अलावा ओ० के०, ओंकार, पोपुलर ट्यूब इण्डस्ट्रीज, इम्पीरियल [illegible] इण्डस्ट्रीज, [illegible], स्पम-

सुमेरमलजी का विवाह मोहनलालजी वाफणा बंगलौर निवासी की सुपुत्री मदनकुंवर के साथ सम्पन्न हुआ। श्री सुमेरमल जी मद्रास प्रतिष्ठान की देखभाल करते है।

शान्तिलालजी का विवाह बंगलौर निवासी जवानमलजी बेंगानी की सुपुत्री तारादेवी के साथ सम्पन्न हुआ। शान्ति लालजी एस० ललित इलैक्ट्रिक प्रतिष्ठान की देखभाल करते है। पुत्री पुष्पा का विवाह संस्कार श्री मदनराज जी, सुपुत्र मोहनलालजी चौधरी जयतारण निवासी के साथ सम्पन्न हुआ। पुत्री चन्द्रकान्ता का विवाह महावीरचन्दजी, सुपुत्र श्री चम्पालालजी गादिया चण्डावल निवासी के साथ सम्पन्न हुआ।

श्रीमिलराजजी साहब के कनिष्ट पुत्र श्री मोतीलालजी व्यापार कुशल, शान्तीप्रिय एवं धर्मपरायण व्यक्तियो की श्रेणी मे है। आप बंगलौर मे इन्द्रा इलैक्ट्रिकल्स प्रतिष्ठान के सफल संचालक है। आपका विवाह लाम्बिया निवासी भंवरलालजी गादिया की सुपुत्री रतनकुंवर के साथ सम्पन्न हुआ। आपके चार पुत्र व चार पुत्रियाँ है। ज्येष्ठ पुत्र उगमराज, रतन एजेन्सी, चितुर आन्ध्र प्रदेश प्रतिष्ठान की देखभाल कर रहे है।

मिलराजजी की सुपुत्री सुन्दरकुवर का जन्म विक्रम संवत् १९७९ के मिगसर शुक्ला १२ को आनन्दपुर कालू मे हुआ तथा पाणिग्रहण संस्कार विक्रम संवत् १९९१ के माघ शुक्ला ४ को जयतारण निवासी श्री चादमलजी मेहता एडवोकेट के साथ सम्पन्न हुआ। आप धार्मिक प्रवृत्ति की विदुषी महिला थी। आपने उपधान तप की आराधना की। आपके तीन पुत्र मानमल, कानमल, सुरेन्द्रमल एवं पुत्री कमलाकंवर है। विधि का विधान है कि जन्म लेने वाला अमर नही होता उसे एक दिन संसार छोडना ही पडता है। अत सुन्दरकुंवरजी हमारे बीच स्थिर कैसे रह सकती थी। अन्त मे ६ मई १९७९ ई० को आपने यह लौकिक संसार त्याग दिया और स्वर्ग सिधारी।

इस प्रकार श्री जसवन्तराजजी सा० लुणावत का परिवार प्रारम्भ मे ही धर्मप्रेमी, समाज प्रेमी, कर्तव्य परायण, पद की गरिमा और प्रतिष्ठा रखने

विषय-सूची

जैन-अजैन सबही मतवाले, जिसका गुण गावे, अजी हां जिसका गुण गावे ।
राम नाम रटता रग-रग मे, आनन्द रग छावे ।।राम० ।।३।।

इष्ट कान्त अति सौम्य सुभग है, शाताकारी जाप, सज्जनो ! शाताकारी०
यत्किञ्चित् भी शका हो तो, अजमालीजो आप ।।राम० ।।४।।

जनक-दुलारी रघुवर-प्यारी, सजा शील शृंगार, उन्होने सजा०
कष्ट सह्या पिण कारन लोपी, अहा ! धन्य अवतार ।।राम० ।।५।।

भ्रात-भक्ति मे हाजर रहियो लक्ष्मण आठोयाम, सज्जनो ! लक्ष्मण० ।
काम सँवार्या निज भुज-बल से, राख्यो राम को नाम ।।राम०।।६।।

दशमुख दश-दिश मे था जाहिर, अष्टम प्रतिहरि खास, भाइयो अष्टम० ।
गौरव राख लिया था गाढ्ड, अभिमानी आकाश ।।राम०।।७।।

मुख्य कथा है इन चारो की, अन्तर्गत है अनेक, सज्जनों ! अन्तर्गत० ।
पुहवी पर परसिद्ध भये है, रख-रख अपनी टेक ।।राम०।।८।।

पिक सहकार[1] अलि मकरँद[2], गज रेवा[3] से प्यार । सज्जनो ! गज रेवा० ।।
ता-विधि भव्य श्रवण जो करसी, होवे बेड़ा पार ।।राम०।।९।।

वाणी सद्गुरु और इष्ट जिन, करो 'मिश्रि' पै महर । कृपालू करो० ।
श्रोता के मन मोद बढे सुण, और ज्ञान की लहर ।।राम०।।१०।।

महत्कार्य प्रारभ करूँ मै, सहायक बनना ईश ! दास के सहायक० ।
कविता कोमल भाव पूर्ण हो, प्रथमा ढाल जगीस ।।राम०।।११।।

दोहा

हरीभद्र हेमा-गणी, केसराज आदीय ।
समयसुन्दर पाठक रची, रामायण रमणीय ।।१।।
वाल्मीक तुलसी अपर - मत मे तास वृतात ।
गुम्फित कीना सरस वे, भक्ति-सहित घर ख्यांत ।।२।।

सवैया

सिन्धु चहै भुज से तिरबो चढबो गिरिराज चहै पग-हीनो ।
शठ गंवार चहै शिव थानक मानिक मोल करे दृग-बीनो ।।

---

१ कोयल को आम से २ हाथी को नदी से
२ भ्रमर को फूलों की सुगन्ध से

जब तक सदाचार मे रहसी, तब तक नहि होगा नुकशान ।।चा०।।१४।।
देकर इन्द्र गयो निज स्थाने, 'मिश्री' दूजी ढाल सुजान ।।चा०।।१५।।

ढाल-पूर्व

जमायो घनवाहन राज, सूर ते जोडे सब साज,
मही पर घन ज्यो रह्यो गाज,
इलाको ले लीनो घेरो, चरण में आन पडे वैरी ।।राम०।।६।।
असल वह क्षत्री महाराजा, विद्या से राक्षस व्है ताजा,
इसी से राक्षसपति-वाजा,
अन्यथा मानव है सागे, दानव तो देख-देख भागे ।।राम०।।७।।
राज्य बहु-काल तलक कीना, तखत महाराक्षस को दीना,
सयम ले मोक्ष-राज लीना
महाराक्षस राक्षस सुत ताई, दीक्षा लो ऋद्धि सभलाई ।।राम०।।८।।

ढाल ३ जी ।।तर्ज—नवीन रसिया०।।

ऐसे भये अनेको भूप, दीख[1] ले शिवपुर को भोगे ।
दीख ले शिवपुर को भोगे, एक से एक भये जोगे ।।टेर।।
काल बहुत बीता है भाई, समय दसम जिनके सुखदाई,
कीरति-धवल भूप अधिकाई, जबरा जिसका ठाठ—
प्रजा के सारे दुख खोगे ।।ऐसे० ।।१।।
उसी समय वैताढ्य-गिरी-पर, मेघाभिध था पुर अति सुन्दर—
खगपतीन्द्र[2] राजा अति दुर्धर, श्रीपति के श्रीकण्ठ रु पुत्री—
हो गइ वर-योगे ।।ऐसे०।।२।।
रत्नपुरी पुष्पोत्तर नरवर, पद्मोत्तर सुत रूप पुरन्दर,
ता-हित देवी मागी हितधर, उसको नही परणाय—
लकपति व्याही घर छोगे ।।ऐसे०।।३।।
कीर्तिध्वज-राणी इन्द्राणी, वा देवी मन मन्दिर मानी,
रत्नपुरी-धव गाठ बँधाणी, नारी योग मे क्लेश केते नर—
पृथ्वी पर भोगे ।।ऐसे०।।४।।

१ दीक्षा लेकर २ विद्याधरपति

रत्नपुरी की पद्मावाई, वा सूती छत-पर जो जाई,
श्रीकण्ठ अपहर कर लेजाई, पुष्पोत्तर की आन लडाई,
लकापति तव प्रवल पक्ष से लगा दिये थोगे ।।ऐसे०।।५।।

ढाल—पूर्व

कीर्तिध्वज समजाई सारा, व्याह तो उसका कर डारा
वसाया अति-समीप प्यारा, द्वीप है वानर वहु रूड़ा—
वसाई किष्किन्वा सूरा ।।राम गुण गावो ।।६।।

दोहा

वानरद्वीपे वानरा, रहते थे अनपार।
मतमारो पालो इन्हे, हुक्म दियो जन पार ।।१।।
राख्यो ध्वज मे चिन्ह कपि, याते वन्दरराय।
विद्या से कपि वनत है, कहते वन्दरराय ।।२।।

ढाल ४ थो ।।तर्ज—लावणी०।।

श्रीकण्ठ कीर्तिध्वज शाला, अपना राज्य जमाया है।
राक्षस वन्दर आपस माये, सुन्दर प्रेम वढाया है ।।
श्रीकण्ठ के वज्र सुकंठज, पुत्र वडा वलधारी है।
स्व-इच्छा से रमण करत है, नहि किसकी दरकारी है ।।
श्रीकण्ठ दे राज्य पुत्र को, स्वय हुआ अणगारी है ।।१।।
रामचन्द्र की कथा रसीली, सुनो भव्य हितकारी है ।।टेर।।

हुये अनेको राजा ताजा, लका अरु किष्किन्धा-पर।
राज्य भोग सव पाप टाल कर, स्वर्ग मोक्ष सुख लीना वर ।।
मुनिसुव्रत भगवान शासन मे, घणोदधि वानर राया।
तडितकेश है लकानायक, दल दंगल जीता भाया ।।
गेलनगो नन्दन-वन राक्षस, साथे राण्यो सारी है ।।राम०।।२।।

इक वानर रमतो राणी की, देह विलूरी आकर के।
कोपानल नृप हो कपि-मारा, एक वाण को जड़ कर के ।।
घायल वानर मुनि-पद पड़गो मुनि नवकार सुनाय दिया।
सर्द हुवा, सुर भुवनपती वह, अवधी का उपयोग लिया ।।
सेवा सारे आ मुनिवर की, मानलिया उपकारी है ।।राम०।।३।।

चल पड़े भ्रात भी साथे, भयकर शैल वन झाडी ।
अचल-आसन लगा वैठे, न खाना और सोना है ॥क०॥५॥
कष्ट से स्पष्ट है सिद्धी, अगर हो नियम मे पक्का ।
फलेगी क्यो नही आशा, आलसी अगर जो ना है ॥क०॥६॥
विद्या इक सहस दशमुख ली, कुंभ पण, विभीपण चारी ।
भाग्य से मिलती है 'मिश्री', पुन्य का हार पोना है ॥क०॥७॥

ढाल—पूर्व

सिंह हो वख्तर तन धारे, कहो फिर है किसके सारे ।
साधना कर घर पहुधारे, विद्या विधि पद्म ग्रन्थ माही—
यहाँ कही थोडे मे भाई ॥राम०॥१॥
साधियो चन्द्रहास्य खर्ग, किया उपवास छह वर्ग,
कला शशि वढे जेम मर्द, वैसे ही दसकन्धर दीपे,—
वहतोडो वैर्या ने जीपै ॥राम०॥२॥

ढाल ९ मी ॥ तर्ज—आखिर नार पराई है० ॥

जब पुण्यदशा प्रकटाती है, दुनियाँ अपनी वन जाती है ॥टेर॥
गिरि वैताढ्य की दक्षिण श्रेणी, सुर संगीत नगर रस लेणी,
मय नृप की जग ख्याती है ॥दुनियाँ ॥१॥
केतुमती राणी की जाई, मन्दोदरि वाला सुखदाई,
अप्सर उपमा पाती है ॥दुनियाँ ॥२॥
मामी लाकर दशमुख ताई, परणादी मन खुशियों छाई,
यह जोड़ी दुनी सराती है ॥दुनियाँ ॥३॥
दशकन्धर गये मेलन वन को, वाला महस्र खट् मिलगी उनको,
लखि मुग्ध सभी हो जाती है ॥दुनियाँ ॥४॥
की विनती परणो मनमोहन, मन वसिया राधा हरि सोहन,
'मिश्री' बिना बुलाई आती है ॥दुनियाँ ॥५॥

ढाल १० मी ॥ तर्ज—कांटो लागो रे देवरिया० ॥

कैसे परणू गी बिन दीधो, तुमरे मात पिता इत नाय ।
तुमरे मात पिता इत नाय, यह तो होता है अन्याय ॥टेर॥
कन्यादान दिया जाता है, नियम अनादि चला आता है ।
इसीलिये तुम धीरज धारो, अपने दिल के माय ॥कैसे ॥१॥

धीरज धीरज नहिं है घणियों, लो सन्तोष काम ही वणियो।
मात पिता तो है हठवादी, परणावेंगे नांय॥
जल्दी करलो रे जीवनधन ! त्यारी, घडी अख्यारथ जाय,—
घड़ी अख्यारथ जाय, म्हांरो जीव लहरिया खाय॥टेर॥
ट-पट मे, मेघरथ ज यो चटपट में।
लट्यो आय॥३॥
जुलम मचाय,—
आई नांय॥टेर॥
जु निगोड़ा।
रके मांय॥कैसे॥४॥
है ऐरी।
कसि माय॥कैसे॥५॥
ारा जद।
है नाय॥६॥
नग चुकाय,—
गलजाय॥टेर॥
डकड ऊछलिया।
गण छाय॥कैसे॥७॥
किम सूजे।
क सुनाय॥कैसे॥८॥
ाजगिया है।
ेर कढाय॥कैसे॥९॥

दोहा

..याधर विषे, ग उतग।
धन्य धन्य व्हाला वदे, वाह कँवरसा रग॥१॥
वन्धन छोड्या हाथ सूं, निपट वधायो नेह।
धन, धण लेकर अपरिमित, दशमुख आयो गेह॥२॥

ढाल—पूर्व की

हाक तो फूटी चउफेर, जीतीयो विद्याधर घेर,
विसरगा सारा ही वेर, महोदर नृप स्वरूप-नयना,—
महाराणी जिसके मृदु-वयना॥राम गुण गावो॥१९॥

पुत्रिका तास तड़ित्माला, डोला ले आया तत्काला,
कुंभ को व्याही सुविशाला, पंकजश्री विभीषण पाई,—
ज्योतिपुर राजा की जाई ॥राम०॥२०॥

सवैया

म्हेल मनोहर राणि मन्दोदरि पौढ रही परियंक सुहानी।
स्वप्न लियो मृगराज तणो पति मे कहि बात हिये हुलसानी॥
पुत्र अनूप अहा ! प्रसव्यो जग-जीत अजीत भई नभ बानी।
उच्छव गाय बजाय कियो अरु नाम दियो हरिजित् सुलतानी॥१॥

घनवाहन नन्द भयो फिर से भुजदण्ड प्रचण्ड विहन्डन सो।
डसडी जग जोट मरोड कहाँ यमराज मिजाज जु खण्डन सो॥
क्षणदाचर[1] खूब खुश्याली लहै दुय नन्दन भे कुलमण्डन सो।
दशकण्ठहु के लघु-भ्रात उभै सुविचार कियो रिपुतन्डन सो॥२॥

छन्द-पद्धरी

सजि चलै भ्रात दुहुँ लंक तीर, खोसत पुनि लूटत देत पीर।
हो दुखित प्रजा कीनी पुकार, सुन धनद हृदय कीनो विचार॥१॥
सूमाली नृप को उपालम्भ, शिशु को समजावहु विनविलम्ब।
नातर पाओगे असह दुक्ख, तब उत्तर दीनो दसहमुक्ख॥२॥
जा दूत धनद से समाचार, कह देना हम है आनहार।
यदि चहै भला, दे लंक छोर, है लंक हमारी तोर जोर॥३॥
रावण चट चाल्यो भ्रात साथ, वैश्रमण भणी दिखलाय हाथ।
वह शुद्ध-भाव चारित्र लीध, दशमुख भी जा पद सीस दीध॥४॥
ले लिवी लंक पुष्पक विमान, कर अमल थापियो राज-थान।
मन चाह फली माता निहार, भव मोद वढ्यो जा के अपार॥५॥
करि भुवनालंकृत श्वेत गाहि, आलान बांधि दीयो उमाहि।
नृप जमालियो सब ठाट पाट, दसमुख अति दीपत अरी पाट॥६॥

ढाल ११ मी ॥तर्ज—ख्याल की०॥

खगचर[2] इक आयो, हाल सुनायो दशमुख भूप ने ॥टेर॥
किष्किन्धा नगरे कपिराजा, कीनी चपल चढ़ाई।
यमराजा पकरी कारागृह, दीना है पधराई जी ॥खगचर० ॥१॥

१ निशाचर राक्षस   २ विद्याधर या आकाशचारी।

आद-जुगादसूँ आपरा स वे, लागे विणठी वात।
जल्दी जाय छुड़ायदो-सरे, सुण लकारानाथ जी ।।खग ।।२।।
पुष्पक नाम विमान वैठ के, गो किष्किन्धा ठेट।
यमराजा री सभी तरहसूँ, सटक निकाली टेटजी ।।खग ।।३।।
सूरजरज ने राज समर्पी, यम काढ्यो दुतकारी।
जा कहदे थूँ इन्द्रराय ने, आजा वे कर त्यारी जी ।।खग ।।४।।
हरि सूँ जाय भिडाई यमडे, दसमुख लका लीधी।
किष्किन्धा पुनि पुष्पक लीधो, इसडी करडी कीवी जी ।।खग ।।५।।
इन्द्र सुणी अति रीस भरायो, चढवा करी तयारी।
मन्त्रीसर वरजी ने राख्यो, यमको दिया निकारी जी ।।खग ।।६।।
पुर सगीत पटो दे करके, मन्त्री वात जमाई।
'मिश्री मुनि' कहे पुण्य अगाडी, चलती ना अकडाई जी ।।खग ।।७।।

ढाल-पूर्वकी

सूर्यरज किष्किन्धा थापै, ऋक्षरज रक्षपुरी आपै,
दसानन सारा दुख कापे, आपणा करके ही राखे,
लोग मुख भली-भली भाखे ।।राम० ।।२१।।
वधायो लंका जव आयो, सजन जन मोद घणो पायो,
सूर्यरज वाली सुत पायो, जोध वड जन्म्यो जयकारी,
महर्धिक मोटो वलधारी ।।राम० २२।।

शिखरिणी-छन्द

पढी विद्या सारी प्रवलमति जी को विमल है।
प्रभू आज्ञाधारी नियम दृड पाले सघन वे ।।
समुद्रान्ते जारी प्रतिदिवश घूमे इल परे[1]।
जमी ऐसी शका सवल नर पावो शिर घरे ।।१।।

दोहा

लघु भ्राता सुग्रीव है, चपल सुचारु धीय।
सिंह शार्दूल तणी परे, विचरे वीर अवीह[2] ।।१।।

---

१ भूमि पर · तट पर २ निर्भय

सुप्रभा इक वेनड़ी, गुणवल्ली गज-गेलि।
क्षीण-कटी, चख झख[1] सुभग, रूपे रूपारेल ॥२॥

ढाल-पूर्व

रक्षरज हरी कान्ता नारी, पुत्र भे नल रु नील ज्हारी,
रक्षपुर रजधानी ज्हाँरी, सूररज वाली नृप थापै,
दीख ले कर्मों ने कापे ॥राम० ॥२३॥

ढाल १२ मी ॥तर्ज—हाँ सगीजी ने पेड़ा भावे०॥

हाँ दसानन नृप दिल दरियो, अपने कुल को उज्ज्वल करियो।
डरियो नहि यमराज से भलपन सूँ भरियो रे ॥द० ॥टेर॥
मेरु गिरि खेलन हित जावे, इत खर दूषण लका आवे।
शूर्पनखा अपहरी सभी भय दिल से हरियो रे ॥द० ॥१॥

दोहा

खर विद्याधर एकदा, नभगति बैठ विमान।
जाता था वह कार्यवश नजर पडी उद्यान ॥१॥
उसमे सुन्दर महल की—छत्त पर रावण बैन।
खेल रही अति खात से, खग निरखी निज नैन ॥२॥

चद्रायणा

खगचर यान उतार आया आराम मे।
अन्योऽन्यविलोक व्यथितभये काम मे।
लेकर कन्या ताम विद्याधर, दड वडे।
अन्तेपुर मे ताम पहुँच गये स्वर वडे।

ढाल १२ मी ॥ तर्ज—हाँ संगीजी ने पेड़ा भावैं० ॥

चन्द्रोदर रविरज नृप नन्दन, लंक पयाला को अभिवन्दन।
खर राजा उत जाय अचानक उनसे लडियो रे ॥द० ॥२॥
उसको मार राज निज थाप्यो, अनुराधा ने दियो रडापो।
गा वन जायो पुत्र कन्ना करके परवरियो रे ॥द० ॥३॥
सुणी दशानन दल बल चढियो, मन्दोदरि वर्ज्या उण विरियो।
बहिन दीवी परणाय आय वो पावां पडियो रे ॥द० ॥४॥

---

[1] मीन के समान नयन

सेवत चवदा सहस विद्याधर, भ्राता त्रय खर दूषण त्रीशर ।
लंक पयाला राज करे सेवा दसमुख अनुसरियो रे ॥द० ॥५॥
वीर विराध चन्द्रोदर वारो, चन्द्रनगर वन मे वसनारो ।
वैर विरोध न कोपियो—रगड रढियालो रे ॥द० ॥६॥
इक सरदार भिडाई भिलती, वाली नृप नावे है गलती ।
ढलती जमगी वात दशानन सुन परजलियो रे ॥द० ॥७॥

ढाल १३ मी ॥तर्ज—मांड॥

दूत पठायो शीघ्र ही रे, वाली नृप के पास ।
क्यो नहि आवो सेवा मे इत, मन की दो परकास हो ॥१॥
मत भूलो वातो, पूरव खातो, हाथो विगडे वात ॥टेर॥
श्रीकण्ठ राजा पूर्वज थारा, कीर्तिधवल लकेश ।
तिणथी मालिक सेवक केरी, चाले रीत हमेश हो ॥म० ॥२॥
अब अभिमान चलेगो नांही, पूरो लीजो सोच ।
जेम मानोगे तेम मनासूं, पूरी म्हारी पोंच हो ॥म० ॥३॥
आयो दूत उतावलो रे, कपिपति के दरबार ।
ठाट अणूतो देखियो रे, झुक-झुक कीध जुहार हो ॥म० ॥४॥
वाली पूछे महाराजा के, वर्ते क्षेम कल्याण ।
सो कहे मुनिसुव्रत स्वामि प्रसादे, आणंद है महिराण हो ॥म० ॥५॥
एक कमी, नहि आप पधारो, सेवा मे श्रीमान् ।
इतरो वेगो भूल गया किम, आगे रो अवसान हो ॥म० ॥६॥
खरी वात है दूत तिहारी, वो घर यो घर एक ।
प्रेम प्रवाह पुराणो चाले, इण मे मीन न मेख हो ॥म० ॥७॥
देव, गुरू अरु धर्म सिवा तो, मैं न नमाऊँ शीश ।
इण कारण सू मैं नहि आयो, रखे करे नृप रीस हो ॥म० ॥८॥
धणी—चाकर री वातो झूठी, साचो मित्राचार ।
'मिश्री' मधुर-पणा सूं कहिजे, वना रहै व्यवहार हो ॥म० ॥९॥

दोहा

दूत जाय दाखी सयल, वाकी राखी नांय ।
एक तणी इकवीस ही, मिथ्या दिवी मिलाय ॥१॥
पृथ्वीपति प्रजल्यो प्रवल, जा पाछो कह देह ।
आ अकड़ाई थाहरी, खरी मिलासूं खेह ॥२॥

ढाल १४ मी ॥तर्ज—कांइ रे मिजाज करे रसिया०॥

काइ रे मिजाज करे अणहोतो, ओद किसी है जाणू सो तो ॥टेर॥
वाप पड्यो थो कैद के मांही, उणने आय छुडायो मैं तो ॥का० ॥१॥
जवरो आज वण्यो है टणको, म्हारा सूं टेडो हाँ वेतो ॥का० ॥२॥
सीधी तरह से अव आजावो, नहितर हेत मे पडसी रेतो ॥का० ॥३॥
नियम तणा नखरा सव जाणूं, घरविध जाण कहलायो मैं तो ॥का० ॥४॥
राइ भरोसे चावे मत मिरचो, मूंडो वलेला राखजे चेतो ॥कां० ॥५॥
कडवा वचन सभा मे भाख्या, दूत जरा नहिं डरप्यो केहतो ॥का० ॥६॥
'मिश्रि' कहे कद सुणवा वालो, नृप वाली नहिं कायर एतो ॥का० ॥७॥

चन्द्रायणा—छन्द

बके दूत क्या वोल ढोल फूटा जिसो।
दसमुख के मनमाय जोम छायो इसो॥
कालो जाण भुजग मूपक मत मानजे।
राख्यो च्हावे मान आगे मत ताणजे॥१॥

॥ ढाल १५मी—तर्ज-ना छेड़ो गाली दूंगी रे० ॥

मत छेडे मैं हूं वेडो रे, मरणे को तेड़ो मान ॥टेर॥
मैं भली वात कहलाई, नहि समज्यो उणरे माही,—
क्यो लकड वण्यो है एड़ो रे ॥म०॥१॥
मैं लोक-लाज सूं लाजूं, कँहि प्रेम विगड़सी काजू,—
सम्वन्ध घणो है नेड़ो रे ॥म०॥२॥
हा ! वात वणे ना जोगी, दुनियो मे हांसी होगी,—
दुश्मन करतेसी केडो रे ॥म०॥३॥
नहीं-माने तो आजाना, पुरसूला पूरसल खाना,—
करदेसूं सभी निवेडो रे ॥म०॥४॥
धक्का दे दूत निकारो, कर तीला पग, मुख कारो,—
मैं शार्दूलसिंह, नहि भेडो रे ॥म०॥५॥
क्या उपकार गिणाया, यह दोतर्फा चलि आया,—
है नहीं आजको मेडो रे ॥म०॥६॥
'मिश्री' अव तणगी काठी, जा दूत पटाई पाटी,—
सिरोपाव देयलो सेरो रे ॥म०॥७॥

ढाल—मूलगी

चढाई दशमुख कर डारी, भ्रात दो और फोज सारी,—
वातो रजवाडो विस्तारी, लकपति किष्किन्धा चढियो,—
देखवा मेलो ही मँढियो ॥राम०॥२४॥
वाली नृप आयो मैदाने, घुरे है चहरे सँदाने,
देवता आया देखाने, देखोला किसो जग थासी,—
आखिरी फतै कौन पासी ॥राम०॥२५॥
विभीषण कुंभकर्ण भाई, वाली से बोल्या अकड़ाई,
आवतो शर्म नही आई, मालिक से सामनो करणो,—
दीसे है आयो तुम मरणो ॥राम०॥२६॥

ढाल १६ मी ॥ तर्ज—ख्याल की० ॥

मत चूको लाला, होस राखी ने मीखो बोलणो ॥टेर॥
आछो नहिं हे इसो बोलणो, किसो घराणो थारो।
रचमात्र भी लका मेती, नहिं झगडो है म्हारो ॥
नहिं झगडो है म्हारो, दशानन साथ मे।
आंट पडी ना छोडूँ मैं लख वात रे ॥मत०॥१॥
नाहक लोक मरावणा सरे, म्हारी मरजी नाय।
द्वन्द युद्ध करणो मैं चावूँ, नृप ने देवो सुणाय।
नृप ने देवो सुणाय मान वे जावसी।
लड़वारो पिण मजो खूव ही आवसी ॥मत०॥२॥
हो शर्मिन्दा दोनो भाई, नृप ने जाय सुनाई।
हाँ भर आय गयो मैदाने, भर्‌यो रीस के माही ॥
भर्‌यो रीस के माहि, वचन कहे वावरा।
वाली कहे तिणवेर हुकम जोरावरा ॥मत०॥३॥
सिहनाद कर बोल्यो वाली, नर, सुर रहि जो साखी।
झगडारी इत वात नही है, जरा न नाइतफाकी ॥
जरा न नाइतफाकी, हुकम है रावनो।
दोनो को वल किसो, आज वतलावनो ॥मत०॥४॥
दोनो ही श्रावक भला सरे, दोनों ही रणधीर।
लोक वचाया मरणनूँ सरे, जाणे पराई पीर ॥

ढाल १४ मी ॥तर्ज—कांइ रे मिजाज करे रसिया०॥

काइ रे मिजाज करे अणहोतो, ओद किसी है जाणूं सो तो ॥टेर॥
वाप पड्यो थो कैद के माही, उणने आय छुडायो मैं तो ॥का० ॥१॥
जबरो आज वण्यो है टणको, म्हारा सू टेडो हाँ वेतो ॥का० ॥२॥
सीधी तरह से अब आजावो, नहितर हेत मे पडसी रेतो ॥कां० ॥३॥
नियम तणा नखरा सव जाणूं, घरविध जाण कहलायो मैं तो ॥का० ॥४॥
राइ भरोसे चावे मत मिरचो, मूंडो वलेला राखजे चेतो ॥का० ॥५॥
कडवा वचन सभा मे भाख्या, दूत जरा नहिं डरप्यो केहतो ॥कां० ॥६॥
'मिश्रि' कहे कद सुणवा वालो, नृप वाली नहिं कायर एतो ॥का० ॥७॥

चन्द्रायणा—छन्द

वके दूत क्या वोल ढोल फूटा जिसो ।
दसमुख के मनमांय जोम छायो इसो ॥
कालो जाण भुजग मूपक मत मानजे ।
राख्यो च्हावे मान आगे मत ताणजे ॥१॥

॥ ढाल १५मी—तर्ज-ना छेड़ो गाली दूंगी रे० ॥

मत छेडे मैं हूं वेड़ो रे, मरणे को तेड़ो मान ॥टेर॥
मैं भली वात कहलाई, नहि समज्यो उणरे मांही,—
क्यो लकड वण्यो है एडो रे ॥म०॥१॥
मैं लोक-लाज सूं लाजूं, कहिं प्रेम विगडसी काजू,—
सम्बन्ध घणो है नेडो रे ॥म०॥२॥
हा ! वात वणे ना जोगी, दुनियो मे हाँसी होगी,—
दुश्मन करतोसी केडो रे ॥म०॥३॥
नही-माने तो आजाना, पुरमूला पूरसल खाना,—
करदेसूं सभी निवेडो रे ॥म०॥४॥
धक्का दे दूत निकारो, कर लीला पग, मुख कारो,—
मैं शार्दूलसिंह, नहिं भेड़ो रे ॥म०॥५॥
क्या उपकार गिणाया, यह दोतर्फा चलि आया,—
है नही आजको गेडो रे ॥म०॥६॥
'मिश्री' अब तणगी काठी, जा दूत पटाई पाटी,—
सिरोपाव देखलो मेरो रे ॥म०॥७॥

ढाल—मूलनी

चढाई दशमुख कर डारी, भ्रात दो और फोज सारी,—
वातो रजवाडो विस्तारी, लंकपति किष्किन्धा चढियो,—
देखवा मेलो ही मँढियो ॥राम०॥२४॥

वाली नृप आयो मैदाने, धुरे है चहरे सेदाने,
देवता आया देखाने, देखोला किसो जग थासी,—
आखिरी फतै कौन पासी ॥राम०॥२५॥

विभीषण कुंभकर्ण भाई, वाली से बोल्या अकडाई,
आवतो शर्म नही आई, मालिक से सामनो करणो,—
दीसे है आयो तुम मरणो ॥राम०॥२६॥

ढाल १६ मी ॥ तर्ज—ख्याल की० ॥

मत चूको लाला, होस राखी ने सीखो बोलणो ॥टेर॥

आछो नहि है इसो बोलणो, किसो घराणो थारो।
रंचमात्र भी लंका सेती, नहि झगडो है म्हारो ॥
नहिं झगड़ो है म्हारो, दशानन साथ में।
आँट पडी ना छोडूँ मैं लख वात रे ॥मत०॥१॥

नाहक लोक मरावणा सरे, म्हारी मरजी नाय।
द्वन्द युद्ध करणो मैं चावूं, नृप ने देवो सुणाय।
नृप ने देवो सुणाय मान वे जावसी।
लडवारो पिण मजो खूब ही आवसी ॥मत०॥२॥

हो शर्मिन्दा दोनो भाई, नृप ने जाय सुनाई।
हाँ भर आय गयो मैदाने, भर्‌यो रीस के मांही ॥
भर्‌यो रीस के माहि, वचन कहे वावरा।
वाली कहे तिणवेर हुकम जोरावरा ॥मत०॥३॥

सिहनाद कर वोल्यो वाली, नर, सुर रहि जो साखी।
झगडारी इत वात नही है, जरा न नाइतफाकी ॥
जरा न नाइतफाकी, हुकम है रावनो।
दोनों को वल किनो, आज वतलावनो ॥मत०॥४॥

दोनो ही श्रावक भगा सरे, दोनो ही रणधीर।
लोक वचाया मरणसूँ मरे, जाणे पराई पीर ॥

जाणे पराई पीर, वीर विख्यात है।
देखोला दिलखोल दिखासी हाथ ए ॥मत०॥५॥

विन्ध्याचलना हाथिया सरे, महा मदान्धी दोय।
ताविध दशमुख वाली दोनो, भिड़ग्या आपस मोय॥
भिड़ग्या आपसमोय, टले नहिं टालिया।
महायुद्ध री झाल, झिले किम झालिया ॥मत०॥६॥

विद्याधर सुरवर कइ आया, दोनो दल रा वीर।
निरख रह्या आपस मे वर्षे, दारुण तीक्षण तीर॥
दारुण तीक्षण तीर, शस्त्र केइ भांत रा।
उडगण उडे अपार, पडे नहि आंतरा ॥मत०॥७॥

कभी अष्टापद सिंह सलूना, कभी गरुड वनजावे।
सांड वणी आहुडता सागे, पन्नग वणी फुङ्कारे॥
पन्नग वणी फुकारे, अड्या है आकरा।
करे चोट पर चोट, रुप्या ज्यो भाखरा ॥मत० ८॥

विद्या दिखाई भांति-भांति री, लोग अचंभो लावे।
किसाक जननी जोध जिण्या है, हट्या न हटवा च्हावे॥
हट्या न हटवा च्हावे, दशानन हेरियो।
वड़ी करी मैं भूल, इसे क्यूं छेडियो ॥मत०॥९॥

महावलवन्तो है मयमन्तो, सतवन्तो यह सूर।
विद्या तणो विकास सिन्धुवत्, अथवा सरिता-पूर॥
अथवा सरिता-पूर, कारी अव क्या लगे।
लाजे जननी दूध, यहां से यदि भगे ॥मत०॥१०॥

इतेक वाली आय आसनो, पकड काख मे घाले।
किदुकनी परे पीडियो सरे, लोग उभोडा भाले॥
लोग उभोडा भाले, सात दधि फेरियो।
सूरत रोवणी देख, हाथ मे टेरियो ॥मत०॥११॥

दोहा

जा, रोवणिया! छोडियो, भूल दशानन नाम।
अवसे रावण जाणजो, वालीहंदा काम ॥१॥

ढाल १७ मी ।। तर्ज—बाजरा री पाणत करतो० ।।

वाललीला करतो काई जोर आयो क ।
डतरो कांइ तूं घवरायो थारो काइ खायो ।।टेर।।
थारा सूं नहीं वैर म्हारे, पेला चेतायो ।
पिण केणो नी मान्यो, जिणरो फल पायो ।।१।।
आज तो विराजो अठै, काल जाजो क ।
कांइ भेद है आपो मे, जग मे एक वाजो ।।२।।
सुग्रीव ने बुलाई राज्य दियो वाने क ।
मैं लेऊँला सजम, नही रहणो म्हाने ।।३।।
उभोडा छिटकायो, मुनिराज वणगा क ।
सवने लिया रे खमाय, समभाव झिलगा ।।४।।
रावण ने सुप्रभा कपिपति व्याही क ।
वडा ठाट सूं पांचाया, लका माही ।।५।।
वाली मुनि साधना मे, घोर जूंजै क ।
इण करणी अगाड़ी, नर सुर पूजे ।।६।।
धन्य धन्य वालो मुनि, तप धार्यो क ।
एतो लब्धिवन्त हुवा, निज काज सार्यो ।।७।।
अष्टापद ऊपरे, शुभ ध्यान ठायो क ।
ज्यां ने आत्मा शोधन मे, आनन्द आयो ।।८।।
नित्यालोक पुर, नृप तणी वाई क ।
वा तो रत्नावली नाम मे, प्रसिद्धी पाई ।।९।।
रावण परणन जावे, यान वैसी क ।
वो तो चालतो रुकयो रे यान, हुई कैसी ।।१०।।
वाली मुनि देख्या, जव नीचो आयो क ।
आयो आयो रे अणमाप उन्हें,—गुस्सो आयो ।।११।।
'मिश्री मुनि' कहे, खाली वैर राने क ।
देखलो जिणीरा कांइ,—फल चाखे ।।१२।।

ढाल—पूर्वकी

अधो शिर दे पर्वत पाडे, शैल पिण हिलियो तिणवारे ।
वाली मुनि अँगूठो डारे, त्रास कर मुनि शरणे आयो,—
खमो अपराध शीस न्हायो ।।राम०।।२७।।

भक्ति मे होग्यो तल्लीन, वाली-मुनि केवल ले-लीन,
इन्द्रादिक आये समीचीन, केवल को मोच्छव करवायो,—
वाली-मुनि शिवपुर ही पायो ॥राम०॥२८॥

रावण की भगती नीहारी, श्री धरणेन्द्र सु-विचारी,
अमोघा विजय-शक्ति भारी, अडतालिस सेस सुरी सेवे,—
रावण को इन्द्रराज देवे ॥राम०॥२९॥

ढाल १८ मी ॥ तर्ज—मनवा समजले र वीर० ॥

मानव तृष्णा दे तूँ छोड, मानव तृष्णा दे तूँ छोड ।
अणलिखियो पावे नही, कर कितना ही कोड ॥टेर॥

रावण के जो लिखा भाग्य मे, अणसोच्यो मिल जात ।
उसकी होड़ करे सो मूरख, फिर दे शिर रोवे हाथ ॥मा०॥१॥

गिरि वैताढ्य ज्योतिपुर राजा, ज्वलनसिह गुण-धाम ।
श्रीमती राणी के उर उपनी, तारा सुता सुनाम ॥मा०॥२॥

अद्भुत रूप गुणो कर भूषित, जैन तत्त्व की जाण ।
उण सारीखी मिले न दूजी, कितनी करलो छाण ॥मा०॥३॥

साहसगति चक्राक तणो सुत, विद्याधर विख्यात ।
तारा री वह करी याचना, सम-कुल, सम-धन जात ॥मा०॥४॥

वानरपति सुग्रीव ऊपरे, तारा निश्चय कीध ।
राणी-द्वारा राजा जाणी, सचिव सल्हा ले लीध ।मा०॥५॥

तारा दीधी वानरपति ने, धूमधाम कर व्याह ।
तारा उदरे ऊपना सरे, अगज दो सुखदाय ॥मा०॥६॥

जयानन्द अगद ये आछा, दीठो आवे दाय ।
चन्द्ररश्मि वाली-सुत वाको, वाली जिसो दिखाय ॥मा०॥७॥

साहसगति रोवे घणो सरे, झूरे रात ने दीह ।
दाव उपाव सोचे दिल माही, कर्म तणी ए लीह ॥मा०॥८॥

रूपपरावर्तन विद्या को, हेमवन्त-गिरि जाय ।
विद्या-साधन करे एक चित, तारा की तृष्णाय ॥९॥

नृप सुग्रीव और नवापति, सुख से कर रहे राज ।
"मिश्रीमुनि" दिग्विजय करण अब, रावण सजियो साज ॥१०॥

ढाल १६ मी ॥ तर्ज—गंगश्याम की महिमा अपार है ॥

पुण्यों को प्रबल प्रकाश, आशा सकल फलै ॥टेर॥

भावो की है जोड मजारी, और सहस विद्या रो धारी।

सेना को बल खास ॥आशा०॥१॥

उदित सूर्य सम मुदित होय के, ज्योतिषि द्वारा मुहुर्त जोय के।

चढ़िये सह-उल्लास ॥आशा०॥२॥

लंकपयाला पहले आयो, खर दूषण ने ताम वधायो।

आज्ञा मानी ने सुविलास ॥आशा०॥३॥

चवदा-सहस्र विद्याधर लारे, चढग्या है मालिक शिर धारे।

डेरा किष्किन्धा जास ॥आशा०॥४॥

श्री सुग्रीव देय मिजमानी, तीस अक्षोहणी ले सेनानी।

लार हुवो गुणरास ॥आशा०॥५॥

नदी नर्मदा पास पडाव, सभा बणा के बैठो राव।

नदी जल बाध्यो तास ॥आशा०॥६॥

सारो साज डूबण की त्यारी, करो खबर है कौन अनारी।

तद दास करी अरदास ॥आशा०॥७॥

माहिष्मति सहस्रांश भूपती, सहस भूप पै आण जु वहती।

राणी सहस्र आवास ॥आशा०॥८॥

चन्द्रायणा

जलक्रीडा त्रिय-नाथ बाँध जल नित करे।

दोय लाख सरदार पहरे पै वे खडे॥

पञ्चेन्द्रिय सुख-भोग भोगवै मन-धरी।

किसकी नहिं है शक्त अनड पदवी वरी॥१॥

ढाल—मूल की

फौजो नर रावण का जावे, फोडदो पाला उन पावे।

देत तकलीफ न सर्मावे, श्रवण कर सुभट सभी आगा,—

सामने लडवा ही लागा ॥राम०॥३०॥

लडाई आपस में माची, दशानन फौज घिरी पाछी,

ऊठियो कपिपति रण-राची, बाँधकर रावण पै लायो,—

इते मुनि गगनागण आयो ॥राम०॥३१॥

ढाल २० मी ।। तर्ज—मीठो खरबूजो० ।।

मुनि उपदेश सुनावियो, छोडो कुटिल कषाय,
भव-भव दुखकारी ।
नहीं इण मे कुछ भी सार, भव-भव दुखदाई ।।टेर।।
स्व-धर्मी दोनो ही पक्का, फिर क्यो वैर विरोध ।।भ०।।
रावण वन्दी छोडिया, पाया परम प्रवोध ।।भ०।।१।।
सहस्रार-सुत मुनिवर केरो, पायो विमल वैराग ।।भ०।।
राज भलाई पुत्र ने, धर्‌यो सजम सूं राग ।।भ०।।२।।
अन्यरण्य अजोध्या नृप सूं, वहुलो मित्राचार ।।भ०।।
मास दोढ नो दशरथ राजा—भणी दियो अधिकार ।।भ०।।३।।
दोनो आतम-पथ उजवाले, रावण मनाई आण ।।भ०।।
इतेक नारद आवियो, वदन लोहूलुहान ।।भ०।।४।।
रावण पूछ्यानन्तर भाखे, नारद-ऋषी महान ।।भ०।।
राजनगर नो राजियो, नामे मरुत अज्ञान ।।भ०।।५।।
जीवत जीव मारे यज्ञ अन्दर, मैं वर्ज्यो स-सनेह ।।भ०।।
द्विज कोप्या मार्‌यो मुज गहरो, मिथ्या पूरित तेह ।।भ०।।६।।
रावण भाखे मत घवरावो, ले लूंगो सव वैर ।।भ०।।
आयो राजपुरे सही, भेज्यो दूत अवेर ।।भ०।।७।।
राजा आयो सामने, मिलतो दीधो मान ।।भ०।।
क्यो करते हो हिंसा इतनी, यह अधर्म पिछान ।।भ०।।८।।
अज्ञानी विप्रो ने मार्‌या, खाल उधेड़ी ताम ।।भ०।।
जीव न होमो यज्ञो माही, सुधरे थारो काम ।।भ०।।९।।
सव पूज्या पांवो पड्या, मोटी सभा भराय ।।भ०।।
कव से यह अकृत चला, 'मिश्री' नारद सुनाय[1] ।।भ०।।१०।।

दोहा

क्षीरकदम्वक पुत्र था, पर्वत अति पापीय ।
तिणथी परम्परा चल पडी, खाट्यो पाप अतीय ।।१।।

---

१ नारद ने हिंसक यज्ञों की उत्पत्ति की कथा सुनाई

ढाल २१ मी ॥ तर्ज—सलूणा० ॥

सुक्तिवती नगरी भली, पाठक क्षीरकदव, सलूणा ।
नारद वसु-पर्वत त्रिहूँ, पठन करत अदव, सलूणा ॥
मुणिये यज्ञ री वारता ॥टेर॥

जघाचारण मुनिवरू, उतर्‌या गगन थी दोय ॥स०॥
पाठक उठ वन्दन कियो, जावत बोल्या सोय ॥स०॥२॥
पण मय शिशु के मायने, पढना मे त्रय तेज ॥स०॥
नर्क-गामि युग एक है, स्वर्ग-गामि सु हेज ॥स०॥३॥
चमक्यो पाठक गुण करी, मुनिवर तो गये चाल ॥स०॥
निज बुद्धी सूँ सोचने, कृत्रिम कुरकट ताल ॥स०॥४॥
तीनो ने इक इक दिया, फिर दी आज्ञा एम ॥स०॥
जित कोई देखे नही, हनन करो उन टेम ॥स०॥५॥
ले चाल्या वन गिरि गुहा, आया दोय विनास ॥स०॥
सध्या तक आयो घरे, नारद वदन उदास ॥स०॥६॥
ला सूँप्यो ज्यूँ को तिहूँ, पूछै पाठक ताम ॥स०॥
क्यूँ नही मार्‌यो, सो कहे, इसो मिल्यो नहिं ठाम ॥स०॥७॥
क्यो नहिं मिलियो वह वदे, म्हूँ देखूँ हरवार ॥स०॥
अनन्तज्ञानी ऊपर लखे, तिण कारण हियधार ॥स०॥८॥
'मिश्रीमुनि' पाठक लख्यो, धन्य धन्य मुनिराज ॥स०॥
अध्यापन को छोडगे, सार्‌या आतमकाज ॥स०॥१०॥

ढाल २२ मी ॥ तर्ज—घुंसा री० ॥

हिंसा फैली रे राजा सुन लेना, हिंसा फैलीरे० ॥टेर॥
वसु कुँवर निज राज संभाल्यो, नारद दीक्षा ले चाल्यो ॥हिं०॥१॥
न्याय करे अछलक वसु राजा, इक दिन भील सुनाई आके ॥हिं०॥
स्फटिक-शिला[1] इक अधर अरण्य मे, मैं देखी शर[2] दीयो मारी ॥हिं०॥२॥
पढि नीची तत्क्षण ही, डरतो अरज करी आई ॥हिं०॥३॥
नृप उत जा पग स्वच्छ प्रक्षाली नजर अपने पाई ॥हिं०॥४॥
लायो नृप तिणपर सिंहासन धरत अधर वह ठहराई ॥हिं०॥५॥

---

१. स्फटिक पारदर्शी शिला २. बाण

देवयोग सब मालुम होता, जिसमें वढी है प्रभुताई ॥हिं०॥६॥
क्षीर-नीरवत् न्याय निवेडे, महिमा दुनियो मे छाई ॥हिं०॥७॥
पर्वत अध्यापन आदरियो, प्रसिद्ध हुई है पडिताई ॥हिं०॥८॥
वर्षान्तर नारद-मुनि मिलवा, आय गयो पर्वत ताई ॥हिं०॥९॥
दे सम्मान बिठाया पास मे, 'मिश्री मुनि' गयो हर्षाई ॥हिं०॥१०॥

कवित्त

विद्यार्थी आकर पूछ्यो अर्थ अजैर्यष्टव्यम्—
वालो के दौरान बीच मिथ्या अर्थ के-डार्यो।
तीन वर्ष अजापुत्र यज्ञ मे हवन करो—
नारद कहत तद अलिक तूं उचार्यो॥
अजनमा व्रीही होमो अर्थ कहा गुरुदेव—
लायो हो कठासूं नयो किणसेती तूं धार्यो।
पर्वत ताण बैठो यो, अर्थ सच्चा कहा मैंने
आप भूल गये अर्थ, उपालभ दे डार्यो ॥१॥

दोहा

घटी न युक्ती गहन है, पटी पढी इक साथ।
नटियो मैं मानू नही, हठी छोड हट वात ॥१॥

ढाल २३ मी ॥तर्ज—पनजी मूँढे बोल०॥

अर्थ तुम्हारो रे, नही शास्त्रज सम्मत करो सुधारो रे ॥अ० ॥टेर॥
हिंसा मे मत धर्म निहारो, ज्यो पूनम मे कारो रे।
कुण देख्यो बतलादे म्होने, इमरत खारो रे ॥अ० ॥१॥
क्या समझो ऋषि आप वेद मे, थारो पंथ निरालो रे।
झूठो व्हूँ तो जीभ कटादू, व्यर्थ झिकालो रे ॥अ० ॥२॥
नारद कहे झूठ होवे तो, वसू भूप पै चालो रे।
तीनो पढिया साथ करे कैसे गोटालो रे ॥अ० ॥३॥
निर्णय काल सभा मे करस्यो, दोनो गये निज थानो रे।
पर्वत खिन्नानन घर आयो, मात पूछे क्या ध्यानो रे ॥अ० ॥४॥
बात सुणत माता यूं बोली, झूठी क्यो पक्कामी रे।
अनन्तज्ञानी का चोर बने, अर जीव गमासी रे ॥अ० ॥५॥

ज्यूं ज्यूं कर तूं मात बचादे, अब छोडी नहिं जावे रे।
पुत्र-स्नेह मे प्रेरित माता, नृप पै आवे रे ॥अ० ॥६॥
दे सन्मान राजाजी पूछै, केम पधार्या माजी रे।
कहो वही मैं करसू 'मिश्री' भइ मन राजी रे ॥अ० ॥७॥

चन्द्रायणा—छन्द

चीत्यो सो विरतंत सुणी वसु बोलियो,
झूठो पर्वत खास हिये नहिं तोलियो।
मैं किम बोलूं झूठ माताजी ! सोचिये,
डूबूं कालीधार आप आलोचिये ॥१॥

ढाल २४ मी ॥तर्ज—इण सरवरिया री पाल०॥

इम किम बोलो आप, वचन म्होने दियो, मोरा लाल वचन०।
भूलो मत भोपाल, कवन जो थां कियो, मोरा० ॥१॥
माता रो कुल खोय, मान किम दीजिये, मोरा०।
ज्यूं-त्यूं कर महिपाल ! एतो जस लीजिये, मोरा० ॥२॥
धर्म सकट वसु राज, चिन्तातुर हो गयो, मोरा०।
पृष्ठ तटी अग्र बाघ, न्याय ए पो-गयो, मोरा० ॥३॥
प्रात सभा के माय, देव नर अति घणा, मोरा०।
मिलिया राणोराण, होनी क्या सब भणा, मोरा० ॥४॥
नारद पर्वत उभय, अर्थ निज निज कहा, मोरा०।
निर्णय दो नरराज, गुरु से जो गहा, मोरा० ॥५॥
वसु निर्णय दियो मिश्र, भाषा से तत्क्षणे, मोरा०।
दोनो होते अर्थ, अनर्थ इनको भणे, मोरा० ॥६॥
कुपित भये तब देव, सिंहासन पाडियो, मोरा०।
गयो नर्क-गति भूप, पर्वत ने ताडियो, मोरा० ॥७॥
तिण दिन से यह जीव हिंसा मग चालियो, मोरा०।
मेनन मिथ्यावाद, उवट पथ डालियो, मोरा० ॥८॥

दोहा

मिथ्या-मत मर्दन कियो, दया धर्म दीपाय।
रावण जस लीधो प्रबल, नारदजी हर्षाय ॥१॥
कनक-प्रभा नृप-कन्यका, रावण ने परणाय।
मारग माहे चालियो, मथुरा पहुंच्यो आय ॥२॥

॥ढाल २५ मी ॥ तर्ज—सुहागन जायो ढोकरो०॥

हरिवाहन उत राजियो, सुखकारी रे।
पुत्र मधू मनोहार, लाल, जयकारी रे॥
रावण रे पग लागियो, मनलाई रे।
कर भेट त्रिशूल उदार, महा भयदाई रे ॥१॥
दशमुख दाखै शस्त्र यह, कित पायो रे।
मधु भाखे मृदु वयण, चमरेन्द्र दिवायो रे ॥२॥
मित्र मेरे पूर्व भव तणो, सो दाख्यो रे।
भूलो नही वो प्रेम, हृदय मे राख्यो रे ॥३॥
ऐरवय क्षेत्र शतद्वार पुर, सुखदाई रे।
राय सुमित्र सुभग, प्रभव मित्राई रे ॥४॥
कला पढ्या गुरु पास मे, वा प्रीति वँधाई रे।
एक दिन खेलन चालिया, अटवी के मांही रे ॥५॥
मग भूला पल्ली-पती, घर लायो रे।
वनमाला अति लाडली यौवन वय पायो रे ॥६॥
सुमित्र भणी परणाय दी, ले शीख सिवायो रे।
प्रभव अति उदासियो, नृपती वतलायो रे ॥७॥

शिखरिणी छन्द

उदासी क्यो ऐसी वदन तुझ लूगा पड गया।
वतादे हो जैसी, मगर वह लज्जा-युत भया॥
लगाता क्यो देरी शपथ अव मेरी सच कहो।
डरो ना, क्या ऐरी अव तक छिपाता किण मुदे ॥१॥

॥ढाल २६ मी ॥तर्ज—घुउलो घूंमेला जी घूंमेला०॥

तू कहदे मन री वात, काज तुज वनजासी रे, वन जासी।
तो मे अन्तर नहि तिलमात, हृदय कलि खिलजासी रे खिलजासी ॥टेर॥
शकित वात कही दिलवर मे, तव-तिय हित मेरा मन तरसे।
कुछ भी समजो भ्रात, हृदय को परकाशी रे, परकाशी ॥१॥
भूप कहे क्या वात वडी है, तेरे चित मे जाम चढी है।
तज चिन्ता का पराल, रात को आजासी रे, आजासी ॥२॥
नृप महलो आकर कहे वाणी, तू पतिव्रता परम सयानी।
जावो मित्र के महल आज्ञा शिर चढवासी रे, चढवासी ॥३॥

सुणत पाण वा हुई रवाने, पहुँच गई नृप मित्र के स्थाने।
देखी गो दहलाय मित्रता है खासी रे, है खासी ॥४॥
धन्य धन्य है मित्रराज को, मो-हित तजदी गेह लाज को।
है मोकूं धिक्कार मानवता मुज नासी जी मुज-नासी ॥५॥
ऊठ कहे माताजी आवो, चरण-धूल दे सफल करावो।
मैं हूँ नीच निराट, कलंक क्या धुपजासी जी, धुपजासी ॥६॥
यो कहि निज शिर छेदन लागो, छिप्यो भूप द्रुत आयो आघो।
छीन लीवी तरवार, कायर ओ मरजासी जी, मरजासी ॥७॥
मित्र प्रशंसा कर, ले नारी, महल गयो प्रीती विस्तारी।
कालान्तर ले दीख स्वर्ग गो सुखरासी जी, सुखरासी ॥८॥
देव ईसान हो मधु अवतरियो, तापस बन पर भव संचरियो।
भवान्तर चमरेन्द्र वात यह परकासी जी, परकासी ॥९॥
यो त्रिशूल योजन द्वय संहस, अरि शिर लाय करे कर पेश।
रावण पाय प्रमोद मनोरमा, परणादी जी, परणादी ॥१०॥
आण मनाई साथे लीनो, पुर दुर्लंघ्य डेरो आ दीनो।
'मिश्री' वर्ष अठार बीतगे, छम्मासी जी छमासी ॥११॥

कवित्त

विकट असाली कोट पर्वत की ओट जैसे,—
चोट कौन करे आय प्राण आस छोर के।
बड़े बड़े वसुनाथ धरा को धुजानहारे,—
आये किन्तु हार खाय गये घर दौर के॥
अहमेन्द्र बने नलकूबर आलीजे भूप,—
लेत हैं निशंक नींद शत्रु भय तोर के।
कपिनाथ विभीषण कुम्भकर्ण आदि सारे,—
हार खाय बैठे नृप पास कर जोर के॥१॥

छन्द—अडोल

गढ़नायक मन घबराय गयो मग-सालत कौतुक कैसो भयो।
यदि हाथ सनत्न के लोट परे मय, बीध कराया मे रेत रले ॥१॥
इतने मे राणी नल-कूबर की, उतरी है गगन मे अप्सर-सी।
कुम्भकर्णानुज से वात करी, मति देख समय स्वीराणी धरी ॥२॥

वह लौट गई मन आम भरी, निज भ्रात पै रावण रीस झरी।
पुरुषोत्तम पर-तिय केम चहै, तस चाह कियो बदनामि लहे ॥३॥
लहु भापे व्योपार हो जहेर तणो, विन खाये न होवत है मरणो।
यदि काम कडावण काज करे, फिर भी दश-आनन यों उचरे ॥४॥
यह वात भरी पूरण छल मे, शोभा तो तभी है करै बल से।
हाँ सत्य यही उपाय नही, याते आप रहो अब मौन गही ॥५॥
उपरम्भा उपस्थित आन खरी, आसालिक विद्या दीध परी।
पुनि चक्र सुदर्शन शस्त्र घने, सब सौपदिये विषया व्यसने ॥६॥
विद्या साधी उपाधि हरी सघरी, जद दूत भिजाय दियो नगरी।
नल-कूवर आय मैदान लड्यो, कपिनाथ तदा उत जाय भिड्यो ॥७॥
दुर्लंघ्यपति निज हार लखी, निज नारि पै जाय के अस्त्र चखी।
अधोशिर होय चवै चतुरा, शस्त्रास्त्र लिये मुझ से मगरा ॥८॥
फिर लौट रणांगण मेल कियो, दशकन्धर अति सन्मान दियो।
भगनी परताप यह काम वना, रहसी अहसान ओ नित्य वना ॥९॥
वहु प्रेम वढाय लियो सग मे, रथनूपुर जाय चढ्यो रग मे।
नृप इन्द्र वकार लियो तव ही, 'मुनि मिश्रि' यह ढाल सुचग कही ॥१०॥

ढाल—पूर्वकी

इन्द्र से दूत जाय दाखी, अगर तूँ रखता है नाकी,
जग मे दिखलादे-झाँकी, जरा मत मनमाही रखना,—
कायर हो नाहक ही छकना ॥राम०॥३२॥

दोहा

धस्यो दूत दलपति सभा, कसी कही कटु वात।
पुर वीट्यो क्या सोचता, क्यो न दिखावत हाथ ॥१॥
सहस्रार सुत इन्द्र को, समजायो एकान्त।
भूलकरी भिडजे मती, अरि-बल है सभ्रान्त ॥२॥

ढाल २७ मी ॥ तर्ज—सूरो ने लागे वचन रो ताजणो० ॥

बेटा वधारी तूँ सम्पदा, पूर्वज थी अधिको थारो नाम।
कुमणा नहि किंचित राखी राज मे, माने बड राजा भूप तमाम ॥१॥
नटनो नहि आछो, लागो हो न चीते मोटो राजवी ॥टेर॥

सहस्रों सूं सेवित सहस्रांस प्रति, जीत्यो अष्टापद लियो उठाय ।
मरुत गमायो मारो मारजनो, शक्ति अमोघा इन्द्र दिराय ॥ल०॥२॥
वैश्रमण ने यमराज तणो, गाल्यो मद काढ्या कूटी व्हार ।
जीत्यो नल कूंवर वातो मायने, वाली नेह लियो सजम भार ॥ल०॥३॥
सुग्रीव सरीखा सेवक बन गया, चारो दिशा मे एक ही धाक ।
तीनो ही खण्डरा माथे राजिया, विद्या बल पूरो चुस्त चलाक ॥ल०॥४॥
रूपवती तो प्यारी पुत्रिका, परणाई उनको आधो काट ।
जैसे अष्टापद पर्वत ने हणे, तोड़े पग निज को खोवे गाट ॥ल०॥५॥
मूंछो फेरी ने हरी हंस बोलियो, धन्य पिताजी आप विचार ।
मार्यो मैं व्हावूं किम थू पुत्रिका, वैर पूर्वलो दियो विसार ॥ल०॥६॥
जीतूं फिर जीतू-इणने पकडी ने न्हाखूं जेल मे ॥टेर॥
गाल्यो नहि मावित केणो मूलथी, दूत निज्र छी भाख्यो एम ।
राक मनावी बयो राजी हुवा, पिण नही मिलियो रोके जेम ॥ल०॥७॥
दल बल ने चढियो रेणू नभ चढी, डेरा तो दिया रण-स्थल जाय ।
'मिश्री मुनि' भाखे अवसर साधनो, विरला नरो रे माय ॥ल०॥८॥

ढाल २८ मी ॥तर्ज—मान न कीजे रे मानवो०॥

दोनो दल सिन्धू सारिखा, जोस भरियोरा नैण ।
बातो तोले रे मोटकी, फटबा काढे मुख-वेण ॥१॥
झगरो माच्यो रे जोर रो, नर सुर खेचर अनेक ।
देखो कुण जीते जंग मे, किणरी निभेला टेक ॥टेर॥
प्रथम सेनानी ऊठिया, वहे खारी तरवार ।
ऊठे बरणाटा बाण रा, सेल भाला अणपार ॥झ०॥२॥
गदा गुप्ति बन्दूक सूं, मुद्गर तोमर ने तीर ।
गोफण वाजे रे सोतरी, बर्षे घटा रो नीर ॥झ०॥३॥
सूर्य छायो दीसे नहीं, जोधा रोषा री जेष ।
आगे आवण मे आकरा, भूला सगपण सेण ॥झ०॥४॥
इन्द्र-सेनापति हारगो, नटियो आप सहित्गण ।
थर-थर धूजे रे मेदनी, गूंजे पर्वत असमान ॥झ०॥५॥
रावण सैना रण नाठने, जावे दहभुज-दण्ड ।
माला सनसना रे रून रा, तरता जावे नर-मुण्ड ॥झ०॥६॥

धायो विभीषण सामुहो, धायो कुम्भ कपिनाथ।
तदपि झाल्यो रे ना झिले, चाले चपला ज्यो हाथ ॥झ०॥७॥
कपिपति मुद्‌गर वाहियो, इन्द्र किया शत-खण्ड।
इसडो टणको नही जाणियो, गलियो सब को घमण्ड ॥झ०॥८॥
कुम्भकर्ण ने पाड़ियो, मार्‌यो गदा रे घाव।
चाप तोड्यो कपिराज रो, भूलो विभीषण भाव ॥झ०॥९॥
इन्द्र तीनो ने मारसी, राई रति ना फेर।
अडियो हेमाद्री सारिखो, नाचै नटवा ज्यो फेर ॥झ०॥१०॥
अमर पाछा ही ओसरे, रखे लगजासी फेट।
वाण पूगा है पूरज्यो, तम्बू रावटियो ठेट ॥झ०॥११॥
रावण - सेना मे खलवली, मचगी हाक हिलोर।
वेग वचावो आयने, हा ! हा ! लका शिरमोर ॥झ०॥१२॥
उठ्यो दशानन वेग सूँ, चढ़ियो करके सिहनाद।
सारी सेना ने पूठदे, आगे आयो अहलाद ॥झ०॥१३॥
इन्दर देखी ने वोलियो, कठै छिपियो रे जाय।
थागा थोगी काइ कर रह्यो, पौरुप दे नी दिखलाय ॥झ०॥१४॥
पौरुप देखेला माहरो, किणरी आखो सूं मूढ।
इतरो क्यूं नाचे वावरा !, 'मिश्री' नही जाणे गूढ ॥झ०॥१५॥

ढला-पूर्व

कियो टकार चाप चाढ्यो, भग्यो दल पाछो अति दाढ्यो,
रह्यो दल रथ सेती वाढ्यो, वांधलियो इन्द्र-भणी सटके,
मानो सिह मृग पं कर पटके ॥राम०॥३३॥
दियो कठपीजर मे जकडी, छोड़दी सेना जो पकडी,
इन्द्र के दिवी गोडा लकडी, फिरा के आण शैल सारे,
रावण फिर लका पहुधारे ॥राम०॥३४॥

ढाल २८ मी ॥ तर्ज—पनिहारी० ॥

मोतियन थाल वधावियो, पुरवारा रे।
वाजा विविध प्रकार, केई परकारा रे॥
कोकिल-कण्ठी कामनी, सिणगारा रे।
घर, गावे गीत रसाल, मधुर अपारा रे ॥१॥

पुर सिणगार्यो जोर सूं पैसारा रे।
गज रथ पै असवार, है महिपारा रे॥
सिंहासन विराजिया, जुहारा रे।
ले निछरावल सार, दे सरदारा रे॥२॥

तीनखण्डना भूपती, मन सारे रे लो।
सेवा घर कर प्यार, आज्ञा पाले रे लो॥
उनको उनके राज्य नो, संभलाया रे लो।
और वधारा दीप, सब हर्षाया रे लो॥३॥

सीख दीवी जावो घरे, मनमाई रे लो।
आवो बुलाया आप, सेवा माही रे लो॥
करी व्यवस्था सुन्दरू, थी चारू रे लो।
राज्य प्रजा मन चैन, अरि-मद-गारू रे लो॥४॥

माय मनोरथ पूरिया सुत सागे रे लो।
दे आशीस अपार, व्हाला लागे रे लो॥
रथनूपुर ने आवियो, सहल्यारो रे लो।
ले कपिपति ने साथ, कियो जुहारो रे लो॥५॥

पुत्र शिक्षा सुन आपिये, कर किरपा रे लो।
सिर पर धर दो हाथ, तुम अति गिरवा रे लो॥
रावण कहे नहीं छोड़तो, उस ताँई रे लो।
तो भी तोर निहाज, शर्त सुहाई रे लो॥६॥

नगर बुहारे मायरो, स्वच्छ रागे रे लो।
कपिपति अर्जि यो कीध, तब नौशाने रे लो॥
थोडी छुट दिराय दो, करसी कामो रे लो।
नौकर द्वारा प्रतीप, वो नित नामो रे॥७॥

दोहा

हूँ भरती करणी सफल, छोड्यो इन्द्र नरेन्द्र।
रजजा आपं सर्व सुख, निरख तीन अरविन्द॥१॥
गन आरत आगे घणी, पाणी उतर्यो सर्व।
मारो झाली गरुण है, मन बीजो सब गर्व॥२॥

ढाल ३० मीं० ॥ तर्ज—चौक नीं० ॥

मुनिराज मिले वदन कर तिनवार इन्द्र यों पूछियो।
करूं नीच कर्म इमठो पूर्व पाप मैंने तो क्या कियो ॥टेर॥

मुनि कहे पूर्वभव भाखूं, मत बांधो कर्म तुम्हे दाखूं।
शुध संयम रस मन सूं चाखूं ॥मु०॥१॥

अरि जयपुर राणि गुण गाथ, ज्वलनसिंह घर साख्यात।
वेगवती तिय रलियात ॥मु०॥२॥

अहिल्या पुत्री प्यारी स्वयम्वर मण्डप की त्यारी।
अचलापति आया अनपारी ॥मु०॥३॥

आनन्दमाली परणी नारी, लगी तडितप्रभ को अति खारी।
कर मसलत घर गये उस वारी ॥मु०॥४॥

कालान्तर श्री आनन्दमाली, ले दीक्षा कीनो विहारी।
भये ध्यानारूढ अटवी भारी ॥मु०॥५॥

तडितप्रभ परिपह दीना, ध्यान-भग्न उसको कीना।
भये स्वान सिंह पद से हीना ॥मु०॥६॥

कल्यान मुनि आनन्द-भ्रात, तेजूलेश्या की उत्पात।
मरणा से डरियो अकुलात ॥मु०॥७॥

सत्य श्री तोरी नारी, कर प्रार्थना तिणरवारी।
शान्त बनाया अणगारी ॥मु०॥८॥

भव-भ्रमण किया तेने गहरा, शुभ पुण्यों का आया लहरा।
हुआ इन्द्र भूप के नृप सहरा ॥मु०॥९॥

आनन्दमाली रावण थायो, दुख दीधो याते तूं पायो।
सुणी इन्द्र 'मिश्रिमुनि' समझायो ॥मु०॥१०॥

—ढाल-पूर्व—

तज राज इन्द्र संयम धारा, कर्मो का काटा दल सारा,
ले केवल शिवालय संभाला, एक दिन रावण महाराजा-
स्वर्णतुंग गये गिरी ताजा ॥राम०॥

अनतवीर्य मुनि केवलनाणी, वाणी सुण पूछे पुन प्राणी,
मृत्यु मम किण हाथे मानी, परस्त्री निमित कारण बणसी,
जिमि रे वासुदेव हणसी ॥राम०॥

दशानन नियम लिया धार, इच्छा बिन तिय पर परिहार,
वन्दन कर पहुँचा निज द्वार, गाहवी अथखण्डी माणे,
सकल सुर नर शंका आणे ॥राम०॥३७॥

ढाल ३१ मी ॥ तर्ज—मूदड़ी० ॥

सुनिये सुनिये हो भवि-वृन्द कथा मन-भावनी रे।
मीठी इमरत सूं भी अधिक, भजन सुहावनी रे ॥टेर॥
रूपाचल पर्वत है रमणीक, देखने योग्य स्थान सम्प्रीक,
पुर आदित्य वहाँ तहनीक, न्यायी प्रह्लाद परवीन,
राती गहरावनी रे ॥सु०॥१॥

ढाल ३२ मी ॥ तर्ज—छोटे से बलमा मोरे० ॥

बाबा बजरंगी तेरी आज मिलकर महिमा गावे ॥टेर॥
नाम हनुमन्त सुहावनो, जगतीतल जाणे।
चरमशरीरी पुनवान, पद ही दर्शन माने ॥बा०॥१॥
भक्त शिरोमनि श्रीमद् राम नो मनड़ानो-मोजी।
रावण सरीखा रे मनमुख जाय किमड़ो की कोजो ॥बा०॥२॥
श्रीमुख से राम प्रशंसियो, उपकारी मेरा।
ऊरण होने का इससे नाथ, लूटा दुश्मन डेरा ॥बा०॥३॥
सीता खबर मुज लाय दी, मृत्यू मुख जाके।
मरतो बचायो म्हारो वीर, सरजीवन लाके ॥बा०॥४॥
भक्त कहे सब आपरो, आश्रय मैं पायो।
जिससे सुधरा सारा काम, मानिक राम सुहायो ॥बा०॥५॥
राम सरिखो कोई राजवी दूजो नहि थावे।
भक्त हनुमत रे जेवड़ो, जोयो नहीं पावे ॥बा०॥६
उत्पत्ति उसकी सोभनी भैया, हम आज सुनावे।
'मिश्री मुनि' कहे सान सारी दुनि मनावे ॥बा०॥८॥

ढाल ३३ मी ॥तर्ज—तृषावन्त नदी सुत० ॥

पुर आदित्य स्वर्ग सम सुन्दर, नृप प्रह्लाद उदारो।
केतुमती नामवन्ती रानी, प्रीतवती सुखकारी रे ॥१॥
भविजो राम कथा रसभीनी ॥टेर॥

शुभ सुपनो अवलोकी अभिनव, शुभ वेला शुभ वारो।
नन्दन नीको सवा नव मासो, प्रसव्यो प्रेम अपारो रे ॥भ०॥२॥
पवनजय अभिधान अनोपम, दिव्य देव अनुसारो।
व्हालो लालो सभी जनो ने, हुलरावे हरवारो रे ॥भ०॥३॥
गिरि गह्वर मे लता चपक-सो, दिन-दिन वढतो जावे।
यौवन वय परिपक्क हुवो जद, कला पढी घर आवे रे ॥भ०॥४॥
वहोत्तर, वत्तीस, चतुर्दश, चार-चार पट् जानो।
सात, आठ, अट्ठारे हरिया, इसडो पुरुप प्रधानो रे ॥भ०॥५॥
शोभा सायर, गुण मे गाहड़, नाहर-सो निरभीको।
मात, तात, सज्जन मन रजन, गजन अरि कुल टीको रे ॥भ०॥६॥
पुर महेन्द्र, महेन्द्र नराधिप, हृदय-सुन्दरी रानी।
इक-शत पुत्रो ऊपर पुत्री, अजना वडी सयानी रे ॥भ०॥७॥

शिखरिणी-छन्द

पवित्रा प्रेमालू पट-गुण प्रयुक्ता पतिव्रता।
विदूपी लज्जालू जिनवयण-रक्ता विमल धी ॥
क्रिया सच्ची पाले अलिक-पथ टाले विनय से।
रती, रम्भा जैसी जगतितल ऐसी अवर ना ॥१॥

ढाल-चालू

हेज घणो है तात-मात नो, भायो रो अनुरागो।
भोजायो भल-मन सूँ च्हावे, आदर लहै अथागो रे ॥भ०, राम०॥८॥
सगपण कर, परणावन पुत्री, जरदी मावित धारे।
'मिश्री मुनि' मत्री ने पूछ्यां, घर वर नाम उचारे रे ॥भ०, राम०॥९॥

ढाल ३४ मी ॥ तर्ज—मन मोह्यो रे तुंगियापुर नगर० ॥

घणां ठिकाणा मत्री दाखिया रे, नही आया नृप के दायरे।
दोय कुँवर तो जचिया सारिखा रे जोसी ने पूछ्यो ताम बुलाय रे ॥१॥
जोसी वतलावो निर्णय देख ने रे, बाई रे जोगो वर है कौन रे।
प्रथम पवनजयराय प्रह्लाद नो रे, दूजो तो विद्युत्प्रभ गुण-भौन रे ॥टेर॥
निर्णय दीनो ताम निमित्तियो रे दोनो ही राजकुँवर पुनवान रे।
किन्तु विद्युत्प्रभ अल्पायुपी, अष्टादश वर्ष लहे निर्वाण रे ॥जो०॥२॥

लोखो पिण जो को सोखो है नहीं रे, पवनजय पूर्णगुणी प्रधान रे ।
सगपण इसीलिए उनसे करो रे, बाई के योग्य ये ही वर जाण रे ॥जो०॥३॥
अष्टाह्निक मोच्छव नंदीश्वरे रे, पर्वत पै खेचर मिलिया आय रे ।
साग्रह श्री महेन्द्र नरेन्द्र जी रे, कन्या तो पवनजय दिखाय रे ॥जो०॥४॥
सारा ही भलो भलो भाखे सही रे, जोडी जुगती रो एह सम्बन्ध रे ।
जीम्या मिजमानी जाजा मोद सू रे, पहुँच्या है अपने स्थान नरिंद रे ॥जो०॥५॥

सोरठा

प्रहस्त मित्र प्रवीन, पवनजय रो खास है ।
उनसे कहे नवीन, वनिता जाय विलोकनी ॥१॥

प्रखागा निज श्रोण, सुनी जिसी या अधिक है ।
मित्र वदे तज मौन, सांज पड्यो दिखलावसूं ॥२॥

ढाल ३५ मी ॥ तर्ज—मोहन आज्ञो० ॥

अति उमग बढ्यो तस देखवा रे, मन आतुर चतुरा पेखवा रे ॥टेर॥
दोनो मित्र विमान सजावियो रे, गगन गति से सननन आवियो रे ॥अ०॥१॥
प्रच्छन्न पणे जालान्तरे, निरखे नेह भरी नयनोतरे रे ॥अ०॥२॥
ज्यो ज्यो देखे त्यो त्यो प्रेमांकुरो रे, किन्तु भाग्य वहे उत बांकुरो रे ॥अ०॥३॥
रंग महल बैठ्या सखि साथ मे रे, बात मगन मनोहर बात मे रे ॥अ०॥४॥
सखि वसन्ततिलका एवदो रे, बाई ! भाग्य तुम्हारो है वडो रे ॥अ०॥५॥
श्री पवनजय पति पावियो रे, सारा लोग उन्हे ही सरावियो रे ॥अ०॥६॥
कहे सुकेशी विद्युत ही भलो रे, वो तो परम प्रतापी कुल-तिलो रे ॥अ०॥७॥
कहे वसती समझे नही बापडी रे, उसकी आयु अलप आंटी पडी रे ॥अ०॥८॥
आयु अल्प हुवे तो क्या हुवा रे, मोक्षगामी विषय से है जुदा रे ॥अ०॥९॥
सुधा स्वल्प तथापि अमोल है रे, नमूं नमूं अवर कुण तोल है रे ॥अ०॥१०॥
भयो कुपित पवन सुण बातडी रे, गुणहीनी केवल रूपे नटी रे ॥अ०॥११॥

—ढाल तर्ज—मूंदडी—

रोक्यो प्रहस्त साहस इण ठोर, हो मेरी, चहातो है और,
संभो पहे करे सदा शोर, नारी भवकप है निर्दोष,
बात विमासणी रे ॥मु०॥२॥

उनने एक न वचन उचारा, बोली वह है नारि अवारा,
कुँवर कहे क्यो ना फटकारा, मत्री समजा के ले साथ
गृह-गति जावनी रे ॥सु०॥३॥

ढाल ३६ मी ॥ तर्ज—दादरा ॥

कर्मो रो मेल कैसो होवे रे पलक मे ३ ॥टेर॥
मनधारी उडजावे सारी,
मोति फिटक को राख दे गलक मे ॥क०॥१॥
प्रेम को विसार फैले द्वेष जो अपार जहाँ,
असल को नकल बनादे खलक मे ॥क०॥२॥
एतादृश पवन आया था किस रग भरा
बैरीसा बनाय घर लौटगा ललक मे ॥क०॥३॥
मै न करूँगो सादी इसके सग मे
प्रथम कटोरे माखी पडी है मिलक[1] मे ॥क०॥४॥
मन मोती अरु काँच तूटगा
फिर नही सँधता देखलो हलक मे ॥क०॥५॥
नारि कुपातर, नहि है सुपातर
केवल सुन्दर मुख दिखता अलक मे ॥क०॥६॥
कहदो पिता से नही व्याह रचावे
'मिश्री' मनावे मित्र वचन ढलक मे ॥क०॥७॥

ढाल ३७ मी ॥ तर्ज—गिणगोर को० ॥

मतकर ताणाताण सज्जन तूँ मतकर ताणाताण।
अजी थे तो घणा हो चतुर सुजान ॥टेर॥
लोक हँसेगा, वैर वसेगा, सज्जन परेशान
अजी थांरा गौरव मे पिण हाण ॥मत०॥१॥
वचन दियो है राज राजेश्वर, रहसी कैसे जबान
अजी थोडो सोचो बुद्धि-निधान ॥मत०॥२॥
कालकूट शिव हाथ लग्यो सो, आरोग्यो पुनवान
अजी जिण मे वाजे देव महान् ॥मत०॥३॥

१ दूध

विषधर कागे उदधी[1] लाधो, पहनो निज गल स्थान
अजी अजहू देवे जहान ॥मत०॥४॥
बात चिठादे पवनजय के, मत्री मीठे बान
अजी तब व्याह रच्यो चढ़ी जान ॥मत०॥५॥
तोरण मार चट्या चट चॅवरी, कन्या कीध पिछान
अजी थारे नयनो नही रस-पान ॥मत०॥६॥
गज, रथ, घुडला, नौकर चाकर दीधो धन असमान
अजी वे तो विन मन आया स्थान ॥मत०॥७॥

दोहा

सासु सुसरा हरखिया, दीना महल उतग ।
पट्टा परवाना दिया, दिया मान अणभग ॥१॥
नारी री नरा सायको, सहु जन ने सन्तोख ।
पिण प्रीतम को हे नही, रती प्रेम को पोख ॥२॥

ढाल ३८ मी ॥ तर्ज—म्हारा छैल भँवर रो कांगसियो० ॥

म्हारा मनमोहन पिवुडा ने महियर कुण भरमायो रे ।
म्हारा नवरगा हिवडा रा फूल ने कुण भरमायो रे ॥टेर॥
प्रथम मिलन मे आंट पड़ी गया, दिलनूं दाय न आई रे ।
गलती रा मोती हि न मिलियो, गलती मरा दिखलाई रे ।
करेजे दाह लगायो रे ॥म्हा०॥१॥
सुगनतोर रो मैं न विचार्यो, यो काई साज्यो आंटो रे ।
बना बनाया मोद महल मे, कुण यो न्हाख्यो भाटो रे ।
हाय माड उणरे आयो रे ॥म्हा०॥२॥
एकलडी महलो मे झुरूं, किण पे जाय पुकारूँ रे ।
म्हारी ने म्हारा पीहर री, किणविध आन विचारूँ रे ।
हाय जिवड़ो घबरायो रे ॥म्हा०॥३॥
नजर न मेले, आवे न ढगे, हेला भी न करायो रे ।
इसो काई अपराध हुयो है, मन ही मन सीनायो रे ।
सोग सरसो उपजायो रे ॥म्हा०॥४॥

---

१ समुद्र

लात मार अपमानित करके, मिल्यो कटक मे जाय जी ।
वसन्तमाला पडती झेली, लाई महलो मांय जी ॥भा०॥२॥
दुख देखण क्यो मुज को सर्जी, इतरो क्यो कर द्वेष जी ।
जावतडा दुख दीधो स्याने, करियो व्यर्थ कलेश जी ॥भा०॥३॥
हे प्रभु ! क्षेम पती ने होज्यो, शूल बनी जो फूल जी ।
विजय करीने वहिला आइज्यो, अरि होवे अनुकूल जी ॥भा०॥४॥
पवनजय पै वसन्त-तिलका, करडी काढै वाण जी ।
सती कहे मत बोले सहियर, स्वामी है गुणवान जी ॥भा०॥५॥
धन्य-धन्य है सती-शिरोमण, अवगुण अपना देखे जी ।
पर औगुण ने पीवणवाली, जीतव जिणरो लेखे जी ॥भा०॥६॥
सामायिक ले बैठगई सा, जिन स्तवना मुख गावे जी ।
'मिश्री मुनि' कहे निकट समय मे, वात अलौकिक थावे जी ॥भा०॥७॥

दोहा

कटक विकट पौच्यो सटक, मानसरोवर जाय ।
डेरा दीधा दलपती, भोजन आदि कराय ॥१॥
निज निज डेरे सूयगा, रयणी अर्द्ध सुमार ।
चकवा चकवी चह चहै, अलग अलग तरु-डार ॥२॥

ढाल ४२ मी ॥ तर्ज—घनघोर घटा मे० ॥

पवनजय पूछे सरदारो !, चकवा चकवी क्यो कुरलाते ।
ये शब्द हृदय की वेदन के, सुनते ही हृदय जो दहलाते ॥टेर॥
स्वामिन् ! यह कुदरत की लीला, रात्री मे साथ न रह सकते ।
विरहातुर चकवी का क्रन्दन, चकवा भी मन से तडफडते ।
पशु-योनी भी नही बरदास्त करे, हो मनुष्य कैसे जो निभा जाते ॥१॥
अरे मित्र ! वडा अन्याय किया, अवला को मैंने छिटकादी ।
कैसे वीताये इते वर्ष, की उसके प्रेम की वरवादी ।
नही आशा रही अब मिलने की, कुण धैर्य उसे जो बँधवाते ॥२॥
दिन उदिन आशा है मिलने की, वह भी तो रोते धोते है ।
आशा की दोर टूटी जिसकी, पथ शून्य नयन से जोते है ।
मरगट या मरजावेगी स्त्री-हत्या पातक को पाते ॥३॥

ढाल ४५ मी ॥ तर्ज—हां र कायथडा० ॥

हांरेक पापी जोध पधार्‌या जग मे, हांरेक पापी माथे सूर समाज।
अब लागो दाव लुच्चो रे हाथ मे, वे आवे अधरात मे ॥१॥
हां, लाज चिहूणो बोलतो, हांरेक नकटा न आणी टुक लाज।
क्या समझे, यह घर छै सतियो तणा, नाहक क्यो च्हावे मरणा ॥२॥
हांरे० चमडी लूण भरावसो, शूली पर चढवावसो।
हां० देखी अवलो भणी एकली, हां० आयो हिम्मत धार।
तो निश्चे सारे थारे हां नही, लात मार मारो सही ॥३॥
हां० पतिय पधार्‌या फोज ले, हां० लेवे उणोरो नाम।
नही लाजे, नकोंहदा नेरीया, ऊकलता क्यो ऊरीया ॥४॥
हां० मन्त्री पवनजय ने भाखियो, हां कहो कुण खासी मार।
बोलदो किसडी बीती बातडी, कठे बितावो रातडी ॥५॥

चन्द्रायणा छन्द

बोलो विचारी बोल खोल पट ओलखो।
भाग्य प्रबल थी समय मिल्यो अणमोलरो ॥
खोवण मे नहि सार कहूं छूं हितधरी।
जावणरी तकरार युद्ध मे छै घणी ॥

ढाल-पूर्व

सुणत स्वर दीपक कर झाली, बसती ओलखली आली,
सखी के गल बैय्यो डाली, बधाई दे दे तूं बाई,
असम्भव सभव दर्शाई ॥राम०॥४०॥

ढाल ४६ मी ॥ तर्ज—आवो आवो हो नेम नगीना० ॥

आये आये है राजकुंवरसा कर मेरूं सी मेहर ॥टेर॥
द्वार खोल स्वागत मैं करलूं, तुम सजलो सिणगार।
क्या सराऊं भाग्य तुम्हारा, पियुजी गये पधार ॥आ०॥१॥
जब सिन्धू मे सरिता मिलती, कितना जल विस्तार।
ऐसे अजना फूली तन, मन, बढग्यो मोद अपार ॥आ०॥२॥
खोल द्वार सखि मुजरो कीनो, बोला राजकुमार।
धन्य सखी! सखि प्राण रखिया, हिम्मतवर हो नार ॥आ०॥३॥

किण मग कर्म कमावियो रे, जल्दी नाम बताय ।
ठोकर मारी पूछियो रे, हंटर ले कर मांय ॥ल०॥३॥
सती कहे कर जोडने हो माता, मै न कियो अन्याय ।
जाया थारा लौट पधार्‌या, रण सूं तीन निशाय ॥ल०॥४॥
साची भाखूं हो सासूजी था से झूठ न दाखूं हो ॥टेर॥
पाप पथ पेडो नहिं भरियो, करीजु कुलवट रीत ।
एलो सेनाणी हाथ री, आतो मुद्रिका परम पुनीत ॥मा०॥५॥
पडी गिरि ले मुद्रिका रे, साची वणें वदजात ।
शकुन न लेवे लाल हमारो, सो किम रहवे रात ॥मा०॥६॥
जावतडो दे लात गुडाई, कुण नही जाणे वात ।
एकदम आयो कुण या माने, किसी जिणी है मात ॥ल०॥७॥
जो उन्माद चढयो आ तोरे, क्यो न मरी विप खाय ।
यो जीवन किण कामरो रे, लाखीणि लाज गमाय ॥ल०॥८॥
केतुमती कलह-प्रिया रे, एक सुणें है नाय ।
हाका माड्या जोर रा वा तो, कालरूपणी थाय ॥ल०॥९॥

चन्द्रायणा-छन्द

कहरी वसन्ती वात अकज्ज किण साथ मे ?
भेली विश्वावीस रही तूं साथ मे ॥
सा कहे थारा पूत और कुण आसकै ।
कोरो कलक चढाय भूल खावो रखै ॥१॥

ढाल ४७ मी ॥ तर्ज—॥बोलो न चाहे बोलो० ॥

मानो न चाहे मानो, मैं तो सच्च बात कहती ॥टेर॥
भली वक्त सुत सीता जाया, मानो युगल इन्द्र घर आया।
ज्योतिपुंज कमनीय आशा मन खिल रही है ॥ढलती०॥१॥

जन्मोत्सव जनपति करवायो, सयल शहर घर आगण आयो।
घर घर मंगलाचार वधायो बँट रही है ॥ढलती०॥२॥

कुमी नही राखी इक पाई, याचक-गण रहे खूब सराही।
इसो दिलावर भूप दान नदि वह रही है ॥ढलती०॥३॥

किया दशोटन खुल्ले दिलसे, नाम दियाहै सब मिलझुल के।
गुणनिष्पन्न अभिराम कामना फलरही है ॥ढलती०॥४॥

लवणाकुश मदनाकुश सागे, व्हाला सब जनता ने लागे।
मनरा मारा कोड भोजाई भररही है ॥ढलती०॥५॥

नित्त वधावा मंगलमाला, पुनवानी का सर्व उजाला।
हय गय रय धन वढै, सुयश-ध्वज लहरही है ॥ढलती०॥६॥

हाथल मारत झाल्लिया, एक एक ने ताम ।।स०।।
लथवथ चारो हो रया, देखे लोक तमाम ।।स०।।६।।
छूटे गढ सूं सूरमा, बाँकडला सरदार ।।स०।।
हय गज चढिया शस्त्र ले, राजा राजकुमार ।।स०।।१०।।
पिण वे कुछ ना करसकै, जाय सक्या न नजीक ।।स०।।
शस्त्र चलावे किण तरे, किणरे लागे कीक ।।स०।।११।।
फाड जबाडा फेंकिया, भागा झरते खून ।।स०।।
ताड्या वन मे ताकडा, झारसक्या नहिं धूल ।।स०।।१२।।
मामासा आदे सहू, आय मिल्या नर-वृन्द ।।स०।।
मिलता कूंवर यू वदे, खागये गधा गडीन्ध ।।स०।।१३।।
पौरुप प्रकट पिछाणियो, पितृ-वश प्रमाण ।।स०।।
ये नही सारे एकरे, सूरो रा सुलतान, सलूना ।।स०।।१४।।
मामा ने मुजरो कियो, माता ने परणाम ।।स०।।
कीधो काई लालजी!, नादानी रो काम ।।स०।।१५।।
भाभू! वे था मूरखा, देता सबने त्रास ।।स०।।
मार कूट बारे किया, इणमे काइ स्याबास ।।स०।।१६।।
ले गोदी संभालिया, आई नही तन आल, ।।स०।।
'बाल' ख्याल इसडा करे, 'मिश्रीमुनि' कही ढाल ।।स०।।१७।।

दोहा

मामा-मामी मात-सह, दासी-दास गुलाम ।
मिल-जुल सारा करत है, कुवरो रा गुणग्राम ।।१।।
नि सहि शब्दोच्चार मे, नभ-गति से आवन्त ।
सीताजी सन्मानियो, आवो इत गुणवन्त ।।२।।

ढाल २५८ मी ।। तर्ज—वीरा लूंबा झूंला होय आइजो० ।।

आओ स्वधर्मी हमारा, मैं लेवूं वारणा थाँरा जी ।।टेर।।
सिद्धारथ श्रावक ए है, द्वादश व्रत धारक जे है जी ।।आ०।।१।।
अष्टाग निमित्त के ज्ञाता, पुनि जिन-वाणी रंग राताजी ।।आ०।।२।।
यह वहोत्र कला पिण जाणे, नही चवदे विद्या छाने जी ।।आ०।।३।।
षट् द्रव्य हि ज्ञान प्ररूपे, कुण स्याद्वाद मे जीपे जी ।।आ०।।४।।
है विविध तपस्याधारी, श्रावक प्रतिमा वही सारी जी ।।आ०।।५।।

हे बंधव शाता थांके, थे भला पधार्या म्हांके जी ॥आ०॥६॥
पहले तो आहार लिरावो, फिर तात्विक ज्ञान सुणावो जी ॥आ०॥७॥
ले अहार कहे निणधारी, सीताजी कहे पधारी जी ॥आ०॥८॥
सती आद्योपान्त सुणाई सुण छाती भर-भर आई जी ॥आ०॥९॥
मत सोच करो सुत थारा, है हरि हलधर से प्यारा जी ॥आ०॥१०॥
सब कलंक उतर यो जासी, महिमा जग मे प्रकटासी जी ॥आ०॥११॥
कहे सीता कुछ ठहरावो, बच्चों ने ज्ञान पढ़ावो जी ॥आ०॥१२॥

दोहा

मान कथन, शिशु ज्ञान हित, श्रमणोपासक तेह ।
ठहर गयो, विद्या पढ़े, बालक विनय-समेत ॥१॥
बुद्धि विनय अरु विज्ञता, जिण मे होय प्रचूर ।
अल्प समय मे वे सही, हुवे हुशियार जरूर ॥२॥

ढाल २५९ मी ॥ तर्ज -पपैया काहे मचायन शोर० ॥

कला सब सीख्या राजकुमार, ऐ, पारलौकिक सार ॥टेर॥
अस्त्र-शस्त्र कई शास्त्र सनूने, अर्थ पाठ हिरदे धर लीने ।
शब्द-ज्ञान सुखकार ॥क०॥१॥
स्याद्वाद वर तत्व सिखाया, और अलौकिक पथ समझाया ।
पढ़ लिख भये तयार ॥क०॥२॥
लघु वय ज्ञान खजाना गहेरा, सिद्धारथ श्रावक ने तेरा ।
बुद्धी के भण्डार ॥क०॥३॥
सर्व परीक्षा हुये उत्तीरण, सिद्ध कार्य श्रावक ने पूरण ।
हर्षित सब परिवार ॥क०॥४॥
अष्टादश वर्षों की ऊमर, प्रकट पच्चीस-सा दीसत सुन्दर ।
स्वर्णोपम आकार ॥क०॥५॥
शशिचूला बाला अभिरामा, कृशोदरी कोमल गुणधामा ।
अंगजात पटनार ॥क०॥६॥
लग आई बत्तीस कन्या का, लवणांकुश सुन नारन का ।
प्रेमधरी अनगार ॥क०॥७॥
अनंगलवण परणाय दीधी है, इन शोभा अधिकी कीधी है ।
मदनांकुश [illegible] ॥क०॥८॥

पृथ्वीपुर नायक पृथु नरवर, अमृतवती राणी उदर गर।
कनकप्रभा तस बाल ॥क०॥६॥
मदनाकुश हित मामे मागी, वो नटग्यो बोल्यो दुर्भागी।
वंश अजाण विचार ॥क०॥१०॥
न्यात जात अज्ञात हमे है, मागत नाई शर्म तुम्हे है।
कहा 'मिश्री' ललकार ॥क०॥११॥

—कवित्त—

दूत से श्रवण कर मामो घणो रीस भर्यो-
लेके चमू चढ्यो ताम पृथ्वी-पुर जोर से।
घेर लीनो पुर मारो लव-भ्रात पृथु वाघ्र-
मोरचे पै आन अड्यो जंग माच्यो घोर से।
वज्रजंघ बांधलीनो पृथुवाघ्र भणी जाय-
पोतनपुर को नाथ पृथु तेड्यो ओर से।
मित्र के मदत काज सुनत ही दौड आयो-
वज्रजंघ सुत तेडा ऊगते ही भोर से ॥१॥

दोहा

अनंग लवण सज चालिया, मामा-सुत को रोक।
उभय ओर माच्यो समर, जबर शस्त्र की झोक ॥१॥

ढाल २६० मी ॥ तर्ज—राजवियो ने राजपियारो० ॥

मदनाकुश भुज इन्द्र वज्र से, छोडे शर अति खारा रे।
सह न सक्या वे भागे दश दिस, होस उड्या है व्हारारे ॥१॥
वंश बतावूं उरा पधारो, चारो शाखा भेली रे ॥टेर॥
पोतनपुरपति प्राक्रम पूरो, अडियो सन्मुख आणी रे।
गदा घाव से मूर्च्छित कीनो, बाध्यो गाढो ताणी रे ॥वंश०॥२॥
पृथु नृप आ एम पयपै, रे छोकर टलजाना रे।
बालहत्या हमको लगजासी, नमन करी भगजाना रे ॥वंश०॥३॥
मदन कहे तजदे लपराई, इणमे शोभा नाही रे।
खड्ग बजाया क्षत्री दीपे, चौडे रण के माही रे ॥वंश०॥४॥
वृद्ध भयो क्यो पाप वधारे, भजन करेनी भाई रे।
नाहक मरसी दुर्गति रुलसी, याते दूं चेताई रे ॥वंश०॥५॥

उत्ता योग नही जानी थी, हमगे गन सिधि छानी थी ।
हम मात को नही पिछानी थी ॥सु०॥१॥
कहे वज्रजंग पुरको चालो, कोइ वचन गह्या पर मन आलो ।
मुनि नारद नगायो है चालो ॥सु०॥२॥
प्रथम शक्ति संचय करणी, विन पौरुष कौन रखी धरणी ।
यह नीति शास्त्र चवडे वरणी ॥सु०॥३॥
दोनो के जचगी हे मनमे, दिग्विजय करण चाल्या छिनमे ।
भुज जोस समावे नही जिनमे ॥सु०॥४॥
पुण्डरिकपुर सारे आये है, दल बादल ताम सजाये है ।
पृथु वज्रजग संग धाये है ॥सु०॥५॥
देश साधन संचरिया हे, लोकाक्षपुरी पग धरिया है ।
कूवेरकान्त पग-परिया है ॥सु०॥६॥
रायकर्ण लंका क पत्ती, जीती लीधो साथ गती ।
विजयस्थलि शोभा लीध अती ॥सु०॥७॥
गंगा नदी उतरिया है, कैलाशगिरी यश वरिया है ।
उत्तर दिशि गमन से घिरिया हे ॥सु०॥८॥
नंदन चारु देश सीधा, जीती तस स्वामी संग लीधा ।
सिह कुन्तल आ डेरा दीधा ॥सु०॥६॥
नृप करडो युद्ध कियो गहरो, मदनाकुश वरियो है सहरो ।
भीम शूल सलभा कहरो ॥सु०॥१०॥
सिंधू तट साध लिया सारा, आर्य अनार्य जु जनपारा ।
नाम लियो है परवारा ॥सु०॥११॥

दोहा

घणा भूप साथे चले, और ऋद्धि अनपार ।
विजय करीने वाहुड्या, लव-कुश राजकुमार ॥१॥
दरिया सम दल गाजतो, वाजे गुहिर निसाण ।
पुण्डरीकपुर आविया, वणराजा महाराण ॥२॥

ढाल २६२ मी ॥ तर्ज—मन मोह्यो रे तुंगियापुर नगर सुहामणो० ॥

धन्य है वज्रजग वड भूपती रे, ज्यारा भाणेजा ऊगत भाण रे ।
देश घणोरा वड-वड राजिया रे, किया आपुण वल परमाण रे ॥टेर॥

अति आडम्बर माता चरण मे रे, नमतां ही माता दी आशीस रे ।
यशजो थे अन-धन इज्जत आयु ने रे, पालो मर्यादा विसवावीस रे ॥ध०॥२॥
देव गुरु ने धर्म प्रसाद सूं रे, नीका सूं नीका वन्दन होय रे ।
राम-लक्ष्मण रे सरिस उजागरू रे, माने सब भूपति आछा जोय रे ॥ध०॥३॥
भोजन आदि से निवृत होयके रे, शल्ला मातुल दीनी सुखकार रे ।
चालो अयोध्या अवसर आवियो रे, पितृ पितृव्य ने मिलन कुमार रे ॥ध०॥४॥

—कवित्त—

कालाम्बु लम्पाक लंका पृथु वज्रजंघ आदि-
मकुन्तल चूलमल्ल आदी वट राजवी ।
अनुकूल अवनीप, एक से है एक आलि,-
युद्ध-मतवाले माने ताल आज्ञा बाजवी ॥
चमू है चतुर बल आम्बी अणी जीतनारे,-
रिपु के पछारनारे सिंह सम गाज जो ।
चतुर्मुखी ठोस जोस होस ने सज्जित भये,-
टले नहीं भिटे ऐसे जैसे इन्द्र साजवी ॥१॥

—सोरठा—

मुहूरत रे मण्डाण, करी चढाई जोर री ।
माता ने दो-पाण, जोड इसी अरजी करी ॥१॥

अन्तर ढाल ॥ तर्ज—ख्याल की० ॥

मैं जावो अयोध्या, आज्ञा दिरावो अम्मा आज ही ॥टेर॥
आज्ञा झट बगसावदो म्हारे, अब तो रह्यो न जाय ।
करी कलंकित बाहिर काढी, थे दुःख पाया माय ॥
थें दुख पाया माय के वैर निकालसां ।
आस्यो देवो गोद के मान उजालसां ॥मैं०॥१॥
श्रोण सुणी लवणांकुश लारे, मात कहे रे जाया ।
करो फौजां सजकारणी म्हे, करो म दल्ल संभाल ॥
करो थे दल्ल संभाया, दिखाय सूद उजालसां ।
महा लोगाइ मेरा उजल करावसां ॥मैं०॥
मनमोभो बेटो, काम दिराजो आज भोड़िजे ॥टेर॥

तीन लोक रो कंटक रिपुमन, रावण दियो पछाड
वायू मे तरुवर तो डोले, डोल सके न पहाड ।।
डोल सके न पहाड पुन थे मानलो ।
जो भाखूं मैं वात क उणपर ध्यानलो ।।मन०।।३।।
घन गर्जारव सुन अष्टापद कूदी घुटना तोडे ।
घन को नहि नुकशान रती भर, पडते उसमे फोडे ।।
पडते उसमे फोडे स्पष्ट यह वात है ।
कौन जुडे तम जोड त्रिखण्डीनाथ है ।।मन०।।४।।
अगर प्रेम पूर्वक थे जावो, मुजरो करवा हेत ।
सुख मे जावो नही मनाई, सागे वणसी वेत ।।
सागे वणसी वेत, आसरो थायरो ।
लाख करो हे लाल! नही माने मन मायरो ।।मन०।।५।।

—ढाल-चालू—

कुँवर पयंपै माजी मायरा रे, थारा कहणा सूँ जावा तेथ रे ।
नमन करतो पूछेला सही रे, किणरा हो जाया आया छो इत केथ रे ।।ध०।।५।।
उत्तर देवोला सुत सीता तणा रे, सुणकर हँससी सब सरदार रे ।
आया रुलतोडा छोरा निज घरे रे, उणरा-उणरा है देसी गार रे ।।ध०।।६।।
सहन करोला किणविध सोचलो रे, दूध लजासो हर्गिज नाय रे ।
राड होजासी परिषद मायने रे, उणरो वतावा आप उपाय रे ।।ध०।।७।।
दूजो दुख दीधो म्हारी मात ने रे, जासू मन मिलसी वोलो केम रे ।
फाटो पय जमने वालो है नही रे, इणसू तो आछो युद्ध इण टेम रे ।।ध०।।८।।
फासू क्यो चिन्ता आणो चित्त मे रे, वंश उणोरे उपज्या खास रे ।
गौरव राखोला विजनस मातजी रे, पूरण जगदंवा करसी आस रे ।।ध०।।६।।

—ढाल-पूर्व—

मिलोला इज्जत से माता, रखोगा पूज्यो का नाता,
खतासो पूरण ही खाता, वे भी क्या जाणेला मन मे,-
हुवा सुत सीता के वन मे ।।राम०।।२१०।।
कही यो कटक लेय सागे, चढ्या है देख अरी भागे,
सहम दश मनुज चले आगे, समा करडारे पथ सारे,-
चकित व्हे देखी जनपारे ।।राम०।।२११।।

चढे राजा सग अठारा तदपि जितियो नाय ।
पकड काठा जेल नाख्या, चढ गयो कपिराय ।।ल०।।८।।
इधर नारद जाय भाग्यो, जहाँ भामण्डल भूप ।
वीर आयो बहिन पासे, वचन कहे धर चूंप ।।ल०।।९।।
प्रथम गलती राम कीनी, दियो तुज वनवास ।
लियो अपजस नारी पासे, कौन दी स्यावास ।।ल०।।१०।।
भेजियो क्यो भाणजो ने, मरावाने काज ।
जाणती नहि केम जीते, मिरग हा! मृगराज ।।ल०।।११।।
नही मानी सुणो भाई! दोष मेरा नाय ।
कहे भाई चलो वेगा, रखै हो अन्याय ।।ल०।।१२।।
वहिन भाई वेस याने, पौचगा ततकाल ।
रह्या छाने व्योम माही, पेख रहिया ख्याल ।।ल०।।१३।।
मदन साथे कपीपति युध, खात सूँ होवन्त ।
गुप्तजा भामण्डलू रे, वचन यो पभणन्त ।।ल०।।१४।।
मत लडो आजावो साथे, दियो पूरो भेद ।
सती पासे आय नमियो, मिट्यो सारो खेद ।।ल०।।१५।।
लवण-अंकुशमात चरणे, दीध शीस झुकाय ।
कहे सीता, तोर मातुल, खास यह जग माय ।।ल०।।१६।।
भामण्डल से कियो मुजरो, खोले लीधा खेच ।
चूमि मस्तक, स्नेह पूरण, पोखियो है सेच ।।ल०।।१७।।
वीर पत्नी, वीर-भगनी, मात तव विख्यात ।
वीर-माता अबै वाजी, साँभलो गुण-पात ।।ल०।।१८।।
प्रवल-वली थे प्रसिद्ध होगा, करो केहा काम ।
पिता काका सेती लडता, होवसो वदनाम ।।ल०।।१९।।
घणा दुर्धर जेम भूधर, टलणवाला नाय ।
उभय पक्षे होय हाणी सोचलो मन माँय ।।ल०।।२०।।
मामामा! अव जग छिडगो, पडो पावो केम ।
मोरचा मे हटण पीछो, नही म्हारो नेम ।।ल०।।२१।।
युद्ध मडियो हुवो हाको, कपिपति गो काय ।
चन्द्ररश्मी चढ्यो क्रोधे, झेलियो न झिलाय ।।ल०।।२२।।

मरणाट चले शर झाट जहा अरराट करे न धरे पगला ।
खललाट खलाखल खून चले, थरराट करे दल जो सगला ॥
अवधेश हरी सह देख तदा नगनो त्रिन ताम सुधा पिघला ।
किन कारन रीस न आवत हे यह दोप भरा जिम आग जला ॥२॥

—ढाल-चालू—

मनच्हाता इनसे मिलने हित पर कृत्यो पर तामस आता ।
ज्ञानी विन निर्णय नही होता अरु युद्ध करण भी नहि भाता ॥
लवणाकुश राम अगाडी हे, मदनाकुश लक्ष्मण के साथे ।
वचन सुनाते अरे आपने रावण को मारा हाथे ॥५॥
हम दोनो आपमे लडते हे, सौभाग्य दिलाना महर करी ।
हार जीत का सोच नही पर लडने की है चाह भरी ॥
इतनी कह करके अडे वीर शस्त्रो की झोक करारी हे ।
खगचर पदचर सब देख रहे यह जोड चारो की भारी है ॥६॥
टिड्डी-दल मानिन्द अरे शर-जाल गगन में छाया है ।
इत उत ल्हासो पै ल्हासो वे मृत्यु-सा दृश्य दिखलाया है ॥
रत्थो पै रथ समरत्थ वहै हयरश्मी खीचत थाक गये ।
पर रथारोहि के हाथो में वह जोस वढे हे नये-नये ॥७॥
विजयवाहिनी भाज चली अपशोप आज यह होगा है ।
वडे-वडे सरदार सभी भये जोगा भी नाजोगा है ॥
हाथ थके है राम, रामानुज वडा फिकर दिल छाया है ।
नादान वच्चो ने रे आज हा! क्या जादू वर्पाया है ॥८॥
है कृतातमुख राम सारथी, वीर विराध हरी जी का ।
दोनो थक चकचूर भये अरु तेज हुआ दिल का फीका ॥
चोट चलाकी, कर की स्फूर्ती देखन नायक वच्चो की ।
नारद नृत्य करत पर्यंपै जीत होत है सच्चो की ॥९॥
रथ-थाके हय-थाके सारे फोज मोज का खोज गया ।
जो हाल है रामचन्द्र का वो ही लछमन का होय रह्या ॥
लव कुश चोट टाल कर करता उनकी सीधी टक्कर है ।
तो भी विचलित नहि होते है व्याघ्र जिसे वे तत्पर है ॥१०॥
कर ढीले भये रामचंद्र के शर घावो से पीडित है ।
वज्रावर्त काम नहि देता हल मसूल भी दडित है ॥

ढाल २७० मी ।। तर्ज—तृष्णावन्त नदी सुत जाणो० ।

अवसर जाणी राघव-राणी, प्रबल वीरता धारी ।
नर सुर राजा प्रजा समक्षे, त्यार भई तत्कारी रे ।।१।।
सीता करती धीज कल्याणी ।।टेर।।
झालोझाल विशाल भयंकर, देखत उर कंपावे ।
समरागण मे महारथी जिमि, घणा उमग थी जावे रे ।।सी०।।२।।
वैसे ही वा सती शिरोमणि, पावक कुण्ड पै आई ।
जैसो हर्ष व्याह की विरिया, उण से भी अधिकाई रे ।।सी०।।३।।
पंच-परमेष्ठी प्रथम नमन कर, चारो ले शरणा री ।
ऊँचे स्वर से मंजुल वाणी, शारद जेम उचारी रे ।।सी०।।४।।
लोकपाल दिग्पाल सुरासुर, रवि शशि शाख तिहारी ।
दिन रात्री सोती अरु जाग्रत, योग त्रय मे धारी रे ।।सी०।।५।।
रामचन्द्र टाली नर किसकी, जो कभी व्ही इच्छा री ।
तो पावक मुज भस्म करीजो, अर्ज करूँ इणवारी रे ।।सी०।।६।।
अगर शुद्ध अति विशुध भाव हो, तो वनजाना वारी ।
यों कहि उचक पडी है सीता, 'मिश्री' कहे वलिहारी रे ।।सी०।।७।।

दोहा

पावक पडतो ही प्रथम, शीतल बना सलील ।
स्वर्ण पाज रत्नो जडित, पुष्करणी रंगरील ।।१।।

ढाल २७१ मी ।। तर्ज—कायथडा० ।।

हाँरेक सीता रत्न सिहासन कमल पै,
हाँरेक सीता ऊपर विराज्या जाय ।
धन सीता नाम अमर ते कर दियो,
लाहो शील तणो लियो ।।टेर।।
हाँरेक जल पर हस तिरे मोती चगे,
हाँरेक सीता नाचे सुर-वनिताय ।।ध०।।१।।
हाँरेक नभ मे नवरंग वर्षे फूलडा,
हाँरेक देवता नाटक करे अपार ।।ध०।।
हाँरेक बोले जय सीता जन-जन तदा,
हाँरेक महिमा वरती मेरु सुमार ।।ध०।।२।।

हांरिक चौडे उज्ज्वल हो गइ जानकी,
हांरिक उतर्यो सारो नास कलंक ॥ध्रु०॥
हांरिक बोलो अब तो भेंटी कुण कहे,
हांरिक ओ तो द्वितिया चाल मयंक ॥ध्रु०॥३॥
हांरिक कीनो ऊँचो पीवर मानरो,
हांरिक दीपायो रघुकुलनो परिवार ॥ध्रु०॥
हांरिक फीटा पड्या सारा पापिया,
हांरिक नकटा निंदाखोर लबार ॥ध्रु०॥८॥

—छप्पय-छन्द—

सीता शील प्रताप राम मथुरा के माही।
लीधो धनुष चढाय विद्याधर री विनराई ॥
सिन्धु तिर्यो हनुमान पाज पत्थरकी होगी।
कियो नास उद्यान इन्द्रजित भयो वियोगी ॥
अजब लंक सब धुड़ गई, जाकी तोड़ी लखवार।
लक्ष्मण जीत्यो लंकपति सीता शील प्रभाव वर ॥६॥
वन में छोरी राम भाल किंचित भी नाहिं।
वज्रजंघ-सो भ्रात अचानक मिलगो आई ॥
पुत्र सरीसा पुत्र दिया तिलक सो जोड़ा।
अनल मिटी सो नीर भई यश गाता वहु सीता ॥
गावत चार सीपो उसी सीता शील सजोर।
न हुवो न भविष्यती, सीता जैसी और ॥७॥

—ढाल-मारू—

हांरिक आयो पाणी [illegible] ज्यों,
हांरिक [illegible] हो [illegible] ॥ध्रु०॥
हांरिक [illegible] नरनारी [illegible],
हांरिक [illegible] ॥ध्रु०॥९॥
हांरिक [illegible] [illegible] दिखलावे,
हांरिक [illegible] [illegible] [illegible] ॥ध्रु०॥
हांरिक [illegible]
हांरिक [illegible] ॥ध्रु०॥१०॥

हाँरेक सीता हाथा सूँ जल सीचियो,
हाँरेक पाछो मारो लीधो खेंच ॥ध०॥
हाँरेक पाछा जीवडा बैठा ढंग सूँ,
हाँरेक जैसे जलिया पर शुभ सेंच ॥ध०॥७॥
हाँरेक लव-कुश तिरता आया अम्ब पै,
हाँरेक कीधो कोटि-कोटि परणाम ॥ध०॥
हाँरेक आया सुग्रीवादिक भूपती,
हाँरेक नमतो पाया परम आराम ॥ध०॥८॥
हाँरेक लक्ष्मण प्रेम सहित मुजरो कियो,
हाँरेक भावज कियो आज कल्याण ॥ध०॥
हाँरेक राखी बात घराणा री सही
हाँरेक भाभी कितरा करूँ वखाण ॥ध०॥९॥

दोहा

अब आये श्री रामजी, करता पश्चात्ताप ॥
होय नम्र, गद-गद हृदय, भाखे श्रीमुख आप ॥१॥

ढाल मी २७२ ॥ तर्ज—मांड० ॥

महाराणी म्हारी गलती सारी क्षमहू गुण गंभीर ।
भूल करारी होगइ भारी, भूलो शील-सुधीर हो ॥टेर॥
लोक कथन मैं मानियो रे, राखण कुलरी लाज ।
ऊँडो सोच्यो मैं नही रे, दीनी तो उर दाज हो ॥म०॥१॥
अटवी माहे एकली रे, भेजी निर्दय होय ।
स्त्री हत्या निर्दोपण मन से, वचन से लागो मोय हो ॥म०॥२॥
अणजुगतो कारज मैं कीनो, लीनो अपयश पूर ।
किणरो ही कहणो नहि मान्यो, आण्यो क्रोध करूर हो ॥म०॥३॥
अन्तिम दुख दीधो अगनी रो, ओछी बुध हिय धार ।
थारा शील प्रभाव थी रे, उज्ज्वल हुवा अपार हो ॥म०॥४॥
पश्चात्ताप उणीरो मोने, और खमावूं आज ।
मोटो मन कर थे खमज्यो, अहो! धर्मरी जहाज हो ॥म०॥५॥
सीता कर-जोडी कहे रे, मैं नही आणी रीस ।
कृतकर्मों रा फल मैं भुगत्या, दोष नही तुम ईश हो ॥म०॥६॥

जन अपवाद निवारण म्हारो, मुजको आग मजार।
दोनों पक्ष थी उज्ज्वल बनगी, ओ थारो उपकार हो ॥म०॥७॥
जीवित रहूंगी सुखशाता मे, आप नाम आधार।
मत दुख आणो आप हृदय मे, मैं दासी चरणार हो ॥म०॥८॥
रवि रज थी जो झांको होवे, वायु केरे योग।
दोष नहीं है भू रज केरो, जाणे सारा लोग हो ॥म०॥९॥
अहि शिर पै जो मेंडक खेले, मन्त्र तणो परभाव।
मेंडक रो न महत्व इणी मे, सुणिये अयोध्या-राव हो ॥म०॥१०॥
कोकिल मधुरी वाणी बोले, साफ वसन्त विशेष।
कोयल रो काई किरियावर चैत्र मास को शेष हो ॥म०॥११॥
गटर तणो पाणी गंगाजल, होवत गंगा संग।
लोह बणे सुवरण जो सागे, पारस रे परसंग हो ॥म०॥१२॥
ज्यों म्हारा सब काज सुधरिया, स्वामी आप प्रसाद।
म्हारो इण मे नहीं मोटापण, सत्य शील सुस्वाद हो ॥म०॥१३॥
घरे पधारो हे गज-गमणी, रमणी हो रमणीक।
सुख भोगो संगारना रे, 'मिश्री' नाम नजीक हो ॥म०॥१४॥

—ढाल-पूर्व—

रह्यो घर सुख में हे स्वामी, विषय सुख कर्म-बंध गामी,
इच्छुक नहीं अब अन्तर्यामी, संयम ले तपजप धामी, —
मोह अरु ममता मारूँगी ॥राम०॥२०॥
लक्ष्मण आदी सरदारो! स्नेह-सूत शुभाशीष म्हारो,
तजूं संसार कर्म-भारो, लोच [illegible] [illegible],-
[illegible] ॥राम०॥२१॥

दोहा

[illegible]।
[illegible] ॥१॥
[illegible]।
[illegible] ॥२॥

—चन्द्रायणा—

[illegible]।
[illegible]॥

धन्य धन्य अति धन्य छती रिध त्याग दी ।
श्रमणी वण सागेय त्रिपथ के आग दी ॥१॥

ढाल २७३ मी ॥ तर्ज—पहलो तो पांमो रायवर ढालिये० ॥

भला पति ने भला नंदना, भला भाई ने भल परिवार ।
भला महल ने सैय्या पिण भली, भला-भला आभूषण सार ॥१॥
सीता सतवंती सारा छोडी ने सजम आदर्यो ॥टेर॥
मान भलो ने भलो यश मिल्यो, भलो राज्य ने भल भण्डार ।
नौकर चाकर तो सारा ही भला, भला जिणोरा हे सरदार ॥सी०॥२॥
भली माता ने पिता पिण भला, सासू भली ने सखियो सार ।
वहुयर भली ने भोजायो भली, मामी मामा ने भला चार ॥सी०॥३॥
देवर भला ने भतीजा भला, भला जेठूता आज्ञाकार ।
भला भोजन ने वगीचा भला, भलापणा रो नही है पार ॥सी०॥४॥
चन्दन सेच्यो थी राघव चेतिया, वोले सीताजी कित गा चाल ।
लु चित केशो थी लावो शीघ्र ही, भूचर ने खेचर सव भोपाल ॥सी०॥५॥
हँसवा सव लागा प्रभुजी कोपिया, अरे लक्ष्मण अे लोक गिवार ।
हंसी उडावे दुष्टी मायरी, तूं तो नही देवे दण्ड लिगार ॥सी०॥६॥
धनुष उठायो रीसे प्रजल्या, भाषे लक्ष्मण जी सुणिये भ्रात' ।
एतो चरणोरा सेवक आपरा, हँसी करणरी 'प्रभु' नही है वात ॥सी०॥७॥
संयम ले लीनो सीता जी सही, श्री जयभूषण गुरुवर पास ।
आज हुवा है ते तो केवली, महा उपकारी गुण री रास ॥सी०॥८॥
पहले प्रभुजी सीता ने तजी, लोक अपयश रो भय मन आण ।
अव तो सीताजी छोड्या आपने, भव भ्रमण रो भय मन ठाण ॥सी०॥९॥
केवल महोत्सव तो भाई' कीजिये, वने सीताजी श्रमणी रूप ।
दर्शन कर लीजो निज देवी तणा, सहजाणा थी मानो भूप ॥सी०॥१०॥
सह परिवारे आया रामजी, विधि सूं कर वन्दन सीता ताय ।
धन्य महाराणी जन्म सुधारियो, धन्य पिता ने धन-धन माय ॥सी०॥११॥

दोहा

केवल अर दीक्षा युगल, उच्छव रघुपति कीध ।
देसना सुण फिर पूछियो, सद्गुरु उत्तर दीध ॥१॥

अर्थ-लोभ ललचाई हो एक श्रीकात थो सेठियो-
सगपण कीध तिवार ।।मु०।।६।।
वसूदत्त रीसायो हो निशि श्रीकान्त ने मारियो-
वो तस लीधो मार ।।
विंध्या अटवी मृगला हो दोनो ही योनी पाविया-
गुणवती मरी कुँवार ।।मु०।।७।।
सा पिण हिरणी होगी हो उणयोगे लड दोनो मुआ-
रुलिया काल अपार ।।मु०।।
धनदत्त भ्राता मरतो हो चिन्तातुर घरसूँ नीकल्यो-
वन मे लागी भूख ।
मुनि देखी वो मागे हो भोजन उसके पास से-
मुनि कहे कहाँ इत ढूक ।।मु०।।८।।
संग्रह हम नही करते हो फिर वर्ते रात्री और भी-
निशि भोजन दुखकार ।।
उत्तम ने नही छाजे हो हिंसानो थानक मोटको-
त्याग करो धर प्यार ।।मु०।।९।।
श्रावकसुन्दर वणियो हो जिन-धर्मनिभायो चित्तसूँ-
अन्ते पहले स्वर्ग ।।
महापुर मेरु सेठज हो पद्मरुची सुत जन्मगो-
श्रावक वण्यो संसर्ग ।।मु०।।१०।।
इकदिन गोकुल जातो हो इक वृषभवृद्ध अवलोकियो-
तडफत व्याधी काय ।
नमस्कार महामंत्रज हो सुणायो उसके कान मे-
वो धार्‌यो मन माय ।।मु०।।११।।
छत्रछाय नृप राणी हो श्रीदत्ता उदरे ऊपनो-
उण वृषभ नो जीव ।
वृषभध्वज अभिधानज हो वर यौवनवय मे आवियो-
इक दिन मृत्यु दीठ ।।मु०।।१२।।
जगा पावनो पायो हो शुभ जातीस्मरण ज्ञान ने-
हुयगो अति खुशहाल ।
उपकारी से मिलवा हो इक चित्र करायो चंपरो-
दाता मंत्र दयाल ।।मु०।।१३।।

दोहा

करी, जीव श्रीकन्तनो, जन्म रु मरण अनेक ।
पाटण कन्द मृणालवे, पुण्याकूर विशेख ॥१॥
वज्रमुकण्ठ नरीन्द्र सुत, हेमवती अँगजात ।
शंभू नाम सुहामणो, सोहे सज्जन साथ ॥२॥

सोरठा

वसूदत्त प्राणीय, शंभू नृप प्रोहित तणी ।
रत्नचुडा अंगजीय, श्रीभूती नन्दन भलो ॥१॥
गुणवन्ती गहरीय, घूमी भव कंतार मे ।
श्रीभूती नर-तीय, नामे खास सरस्वती ॥२॥

कवित्त

वेगवती पुत्री तास बहुत कला की जाण-
जोवण की वय आई एकदा उद्यान मे ।
ध्यान युक्त जैन मुनी दुनी करे सेव घणी-
वेगवती आणी द्वेष मत के अज्ञान मे ॥
कलंक चढायो मिथ्या वनिता रसिक एह-
भेड परवाई लोकनिदा के वितान मे ।
दोष से दुखित साधू प्रतिज्ञा कठिन कीधी-
कलंक सहित नही लेवूं अन-पान मैं ॥१॥
कोप के शासन-सुर वेगवती मुख फेर्‌यो-
करती आक्रन्द अति भूली मारो होस है ।
मावित निकाली व्हार लेके नर नारी लार-
सुदर्शन मुनि पास कहे ज्ञान-कोष है ॥
मैंने दिया मिथ्या आल ताके फल मिले मोको-
मुनिजी को दोष नही सारो म्हारो दोष है ।
क्षमा करो महामुनि श्राविका वनी है साची-
साजी सुर करी डारी पायो मा संतोष है ॥२॥

ढाल २७५ मी ॥ तर्ज - जीव रे तूं शील तणो कर संग० ॥

मुनि कीर्ति फैली घणी रे, पारणो करके विहार ।
कर लीनो शुध भाव सं रे, वेगवती मा लार ॥१॥
ब्राह्मणी रे करती है धर्मध्यान ॥टेर॥

कन्या गुणी लावण्यता रे, रूप अनूपम पेख ।
राजा रीझ्यो ताहि पै रे, प्रोहित ने कहे देख ॥श्रा०॥२॥
तुम कन्या परणावदे रे, ते कहे देवूं नांय ।
मिथ्यामति ने कन्यका रे, देता ह्वै दुख प्राय ॥श्रा०॥३॥
जबराई सूं भूपती रे, लीधी मारी बाप ।
ब्राह्मण नीयाणो कर्यो रे, नृप ने दुख री थाप ॥श्रा०॥४॥
थोड़ा दिना सूं छोड़ दी रे, सा लियो संजम भार ।
अन्ते नीयाणो कियो रे, मारण कारण धार ॥श्रा०॥५॥
पंचम स्वर्ग पहुंचगी रे, त्यां थी चव मधुराय ।
जनक विदेही पुत्रिका रे, सीताजी जनमाय ॥श्रा०॥६॥
वेग पुराणो ना पडे रे, आयो रूठो काल ।
याने नेतो प्राणिया रे, आल भयंकर जाल ॥श्रा०॥७॥
प्रभु भमतां भव विषै रे, कुशध्वज द्विज नी नार ।
तस सुत नन्दन नामथी रे, सुन्दर ते सुकमार ॥श्रा०॥८॥
विजयसिंह गुरु पास में रे, संयम लीनो तेह ।
महा दुक्कर तप आदर्यो रे, क्षीण कर्यो निज देह ॥श्रा०॥९॥
कनकप्रभ गगनगामनी रे, ऋद्धी लख मुनिराय ।
नीयाणो निश्चिन्त कियो रे, तप फल [illegible] समान ॥श्रा०॥१०॥
[illegible] कल्प सुर पद लह्यो रे, आयु पूर्ण ने अन्त ।
हुओ रावण नामथी रे, महा बली बलवन्त ॥श्रा०॥११॥
बालापणो जीव ने रे, भीभीषण ने भ्रात ।
[illegible] ॥श्रा०॥१२॥
[illegible] ।
[illegible] ॥श्रा०॥१३॥
[illegible] ।
[illegible] ॥श्रा०॥१४॥
[illegible] ।
[illegible] ॥श्रा०॥१५॥
[illegible] ।
[illegible] ॥श्रा०॥१६॥
[illegible] ।
[illegible]

दशरथ सुत लक्ष्मण हुवो रे, सा बाला वनमाय ।
अती उग्र तपस्या तपी रे, ब्रह्मचर्य-युत प्राय ॥ब्रा०॥१८॥
अनशन कर ईसान मे रे, देव तणा सुख भोग ।
कौसल्या सा जाणिये रे, लक्ष्मण रे सुखयोग ॥ब्रा०॥१६॥
गुणवंतीनो बंधवो रे, गणधर नाम रसाल ।
कुण्डलमण्डित वह वण्यो रे, व्रत सेव्यो तिहुँ काल ॥ब्रा०॥२०॥
भामण्डल सीता तणो रे, वन्धव ते वडराय ।
वामदेवना पुत्रसो रे, काकंदी पुर माय ॥
श्यामा नारी जाइयो रे, सुसावर्त्ति वर काय ॥ब्रा०॥२१॥
सुनन्द रु वसुनन्दजी रे, प्रतिलाभ्या अणगार ।
मासखमण रे पारणे रे, उत्तर कुरु अवतार ॥ब्रा०॥२२॥
प्रथम स्वर्ग से अवतरी रे, रतिवर्द्धन नर राज ।
काकंदी मे जाणजो रे, सुदर्शना उर साज ॥ब्रा०॥२३॥
प्रीयंकर शुभंकरू रे, दोर्दंड सुत दोय ।
राज्य भोग दीक्षा ग्रही रे, ग्रैवेयिक सुर होय ॥ब्रा०॥२४॥
लवणांकुश मदनांकुसू रे, सीता रा अंगजात ।
चरमशरीरी ए सही रे, होसे सिद्ध साक्षात ॥ब्रा०॥२५॥
सुदर्शना तस मातजी रे, सुर भव कर सुख माल ।
सिद्धारथ श्रावक हुवो रे, 'मिश्री' कथी ए ढाल ॥ब्रा०॥२६॥

दोहा

पूरव भव भाख्यो गुरू, सुण पाया वैराग ।
सेनापति संजम लियो, जग राख्यो सौभाग ॥१॥

रामचंद्र आदे सहू, प्रणम्या गुरु पद ताम ।
हिये हर्ष अति ऊपनो, लखि संबंध तमाम ॥२॥

ढाल २७६ मी ॥ तर्ज– मोहन वंशीवाले तुमको लाखो प्रणाम० ॥

रामचंद्र सीता पै जाकर, वन्दन कीनो शीस नमाकर ।
धन्य आप अवतार, तुमको कोटि प्रणाम ॥१॥
सीता सतिय महान, तुमको कोटि प्रणाम ॥टेर॥
सुकुमारांगी कठिन संयम पथ, भूख तृषा गीषम शर्दी अत ।
कैसे सहन करोगी, तुमको कोटि प्रणाम ॥सी०॥२॥

सार्धद्विसत सुत लक्ष्मण का, कोपानल हो गये दृग उनका,
युद्ध हित त्यार भये तनका, लवणाकुश बोले पितु काका,
मरावे प्रेम जगत ज्याका ॥२२४॥

दोहा

युध साजो लाजो नही, भाजो यहाँ से भूर ।
भाइ अवध्य होते सदा, सोचो नहि वेसूर ॥१॥
शर्मिन्दा हो शान्त वे, आज्ञा ले पितु पास ।
संजम लेकर संचर्या, गुरू सह ज्ञानाभ्यास ॥२॥

ढाल २७७ मी ॥ तर्ज—हाँ सगीजी ने पेड़ा भावे० ॥

लवणाकुश मदनाकुश भाई, वडी धूममे परण्या त्वाँही ।
आये अयोध्या ठाट सूँ, लिये उन्हे वधाई रे ॥१॥
हरी हलधर सुखदाई, राम राज्य मर्यादा माही ।
अमन चैन मे लोग रहै, नित खुशी मनाई रे ॥टेर॥
भामण्डल साधी है श्रेणी, आण अखण्डित चाले जैनी ।
अव तो दीक्षा लेवसूँ मनशा भइ तेवी रे ॥हरी०॥२॥
सूता भावे शुद्ध भावना, भूमीपर नहि नीद आवना ।
सहमा विद्युत्पात हुवो, मृत्यु पा-जाना रे ॥हरी०॥३॥
देवकुरु युगलिक-नन पायो,देवहोय नर-भव सुखदायो ।
करसी निज उद्धार ग्रन्य-कर्ता दर्शायो रे ॥हरी०॥४॥
मेरुगिरि वजरंगी जावे, कर क्रीडा पीछा घर आवे ।
अस्त होत लख रवि चिन्तित वो मन मे थावे रे ॥हरी०॥५॥
अहो कारमी काया माया, कैसा विभाकर तेज वढाया ।
भयो देखतो अस्त आनकर कौन बचाया रे ॥हरी०॥६॥
वडे पुत्रको राज्य भलाया, आरभ सारंभ सब छिटकाया ।
गहरा देकर दान सुयश वो खूब कमाया रे ॥हरी०॥७॥
धर्मरत्न गुरुवर के पासे, ली दीक्षा कर उत्सव सासे ।
धन्य अंजनी-लाल आत्म-पथ करन उजासे रे ॥हरी०॥८॥
ली दीक्षा साथे गज-गमणी, सातसहस राण्यो मनहरणी ।
लक्ष्मीवति श्रमणी संग देखो साची करणी रे ॥हरी०॥९॥
नारी प्यारी भोगजु न्हावे, साधन मिनिया तेज जणावे ।
कर्म बँधावे कामगी दुर्गति पहुँचावे रे ॥हरी०॥१०॥

सुवर्ण स्थंभे सहारो पावियो, हास्य सूं अनरथ पाय हो, सु०॥७॥
देवत देखी थररर धूजियो, अररर हुवो अन्याय हो, सु० ॥
मोटो प्रासादज हाहा! ढह गयो,पश्चात्ताप लहाय हो सु० ॥८॥
आँखो विकशित कोमल कमलसी,नही चेतना तार हो, सु० ॥
कपिपति आदी सारा राजिया,स्तब्ध भया तिणवार हो,सु० ॥९॥
हाहाकार मच्यो अति रौद्र ही, रोवे सब सरदार हो, सु० ॥
तीनखण्डनो साहिब चलदियो, दीसे देव दीदार हो, सु० ॥१०॥
अन्तेउर मे खबरो जावतो, मूओ जाणी कन्त हो, सु० ॥
शिर कूटे वक्षस्थल हरे, करुणस्वरे कुरलन्त हो, सु० ॥११॥
शोकाकुल तो शब्द सुणीजतो, अति अमंगल होवेत, सु० ॥
राम पधार्‌या लक्ष्मण देह पै, ढंग लखी कोपेत हो, सु० ॥१२॥
जीवे छै मुज ह्वालो वीरजी, माड्यो काई उत्पात हो, सु० ॥
मूर्च्छा आई कोइ प्रयोग थी, सदुपचार करात हो, सु० ॥१३॥
वैद्य बुलाया विविध प्रकारना,कोई ज्योतिपना जाण हो,सु० ॥
मन्त्र-तन्त्र उपकर्म अनेक ही, कीधा बुद्धि प्रमाण हो, सु० ॥१४॥
एक न लागो तास उपाय जो, राम तदा मूर्च्छाय हो, सु० ॥
संज्ञा पामी पाछा ऊठिया, रोवत है असहाय हो, सु० ॥१५॥
शत्रुघन लंकेश रु कपिपती, रोवे निरहाधार हो, सु० ॥
कौशल्यादी माता आरडे, नयनो नीर प्रवाह हो, सु० ॥१६॥
कठै पधार्‌या वड बन्धव तजी, लागी उर मे लाय हो, सु० ॥
घर-घर मारग पन्थ मे, माच्यो हा हा हाय हो, सु० ॥१७॥
झण्डा झुकिया तीनो खण्ड मे, होय रह्यो अरडाट हो, सु० ॥
मिश्री मुनि सारा चित्त वे, पडी अचिती वाट हो, सु० ॥१८॥

—शिखरिणी-छन्द—

दशा ऐसी देखी अथिर जग जाना लवण ने ।
लघु भ्राता साथे चरण ग्रह आज्ञा पितुन मे ॥
लही चाल्या दोई सुगुरु उप आया चलकरी ।
वरी दीक्षा शिक्षा अखिल दुख टारो शिववरी ॥१॥

दोहा

अंगज अरु बन्धव तणो, विरह दुःख विन पार ।
वार-वार मूर्च्छा लहै, राघव दीन-दयाल ॥१॥

—सोरठा—

बीत गये पटमास, हाल न चेत्या रामजा ।
रात्रिन्दिवस उदास, दुश्मन मोखो ताकियो ॥१॥
इन्द्रजीत-सुत और, सूर्पनखारो सूर जो ।
छाने अयोध्या भोर, माडे घुसिया मूरखा ॥२॥
अपर अनेको भूप, लाभ उठावण आविया ।
राघव सुणी विरूप, खांधे ले भाई भणी ॥३॥

—कवित्त—

रोष भर रामचंद्र चाप को चढाय चारु-
सिन्धु जिसो गाज कर फाल देतो आयो है ।
मार कूट काढ दीना भई है फजीती पूरी-
लेता जावो राज ऐसो वचन सुनायो है ॥
अवधी से जटायु का देव देवलोक बीच-
आयो परिवार युत गाढो दुख पायो है ।
अहो अहो राम-राय मोह के अधीन हो के-
मृत-भाई ले के फिर अचरज पायो है ॥१॥

—चन्द्रायणा—

वैरी लज्जा पाय गुरु अतिवेग पै ।
सजम लीधो जाय हार्‌या जब तेग मे ॥
समजावण के काज जटायू देव ने ।
दिखलावे दृष्टान्त जाण निज सेव ने ॥१॥

ढाल मी २८० ॥ तर्ज—जिनवर वादूला० ॥

देव जटायू रूप विकुर्वी, रोपे कमल चटान, युक्ती करता रे ।
ऊखर पृथ्वी बिना ही पाणी, बोवे बीज महान् नजरो पडता रे ॥१॥
वालू पीसे घाणी माहे, अकल बिनोग काम, रामजी भाखे रे ।
जलबिन कमल कभी नहि ऊगे, खेती होय निकाम, जातनी शाखेरे ॥२॥
सूका वृक्ष कभी नहि फूले, तिल बिन कैसे तेल, सोचो मन मेरे ।
मूढ होय क्यो समय बिगाडो, खोटा खेल, समज नहि तन में रे ॥३॥
कृत्रिम नर हँस बोलियो, खाना नही होग, मृवा किम जीवे रे ।
सुण कोप्या मारण ही धाया, अदृश्य आग थी जोय, मोह रमणीवेरे ॥४॥

ढाल २८१ मी ॥ मी ॥—नमूं अनन्त चौवीसी० ॥

वर शुद्धाचारी पाले पंचाचार,
समिती अरु गुप्ती युत जयणारी चाल ॥
छठ अट्ठम आदी तप करते विविध प्रकार,-
अभिग्रह केइ धारे, टारे पाप पराल ॥१॥

मेरु गिरि सादृश पण महाव्रय पालन्त,-
धीमा ने गिरवा ब्रह्मचारी गुणवन्त।
पढिया है पूरण चवदै पूरव सार,-
वाणी अंग द्वादश अर्थ, पाठ लिये धार ॥२॥

है ज्ञान-शिरोमणि राम-मुनि रमणीक,-
दे मधुर-देशना भव्य सुणे धर पीक।
गुरुवासे वसिया साठ वर्ष परिमाण,-
कीनी गुरु-सेवा षट् द्रव्यन की जाण ॥३॥
गुरु-आज्ञा पाई अष्ट गुणो संयुक्त,-
स्वतन्त्र विहारी विकथा से वह मुक्त।
तपे तेला माहे ध्यान-मग्न दिन तीन,-
विशुद्ध भावो से अवधी-ज्ञान ही लीन ॥४॥
निज अनुज भणी वे चउथी पृथ्वी दीठ,-
रावण संघाते लडते है दृठ पीठ।
मुनि राम चिन्तवे मै हो तो धनदत्त,-
लक्ष्मण लघु-भ्राता वसूदत्त शुभ चित्त ॥५॥
मुज काजे मूओ भमतो भव-भव भूर,-
इहाँ लक्ष्मण हो कर कीधी सेव प्रचूर।
सो वर्ष कुंवर-पन मण्डलीक शत तीन,-
दिग्विजय चालीसज पदवी हरी प्रवीन ॥६॥
वर सहस्र इग्यारा ऊपर पाँचसो साठ,-
सर्वायू भोग्यो पद्मपुराणे पाठ।
अव्रत्ती रहिया युद्ध तीन सो साठ,
कीधा था याते भोगे दुख के ठाट ॥७॥
यह देख स्थिती वे घोर तपस्या ठाई,
कर्मो ने हणवा राम वण्या उत्साही।

स्यन्दन स्थल नगर लेन पारणो जावे,
गजगति ने चाले देखी जन हर्षावे ॥८॥
ले लेकर वस्तु थाल भरी भरी लावे,
लायो नही लेवे लोक घणा दुख पावे।
जन शब्द शोर से स्थम्भ भाज गजराज,
मदमस्त हुवो है करवा लग्यो अकाज ॥९॥
उत आहार न लीना आया नृप के भौन,
प्रीतीनन्दी नृप पडिलाभ्यो गुणगोन।
प्रभु कियो पारणो पंच दिव्य प्रगटाया,
भइ दिव्य घोषणा राम मुनीश्वर आया ॥१०॥
यह धन्ध देखकर अभिग्रह एहो कीध,
नही आवूं नगर मे वन में धर्म प्रसीध।
महा आरम्भ होवे कोलाहल भी थाय,
मुनि धर्म- आराधन वन मे सुख थी थाय ॥११॥
रन वन मे विचरे सदा समाधी भाव,
सम-दम उर छायो प्रतिमा धर तप दाव।
जीवन अरु मरणो मित्र शत्रु सम तोल,
नागर ने ठाकर [illegible] कंचन तोल ॥१२॥
[illegible]

—छप्पय—

मूल गाथा अडचास, ढाल इक्कावन आछी।
छ सौ बावन गाहा चंदायण साते साची॥
दोहा सितत्तर जान, सत्ताईस कवित शिखरणी।
संख्या आठ विचार, सवैया चार थियट्टरणी॥
एकादस है सोरठा, छप्पय दस दिखला रहे।
छन्दमालिनि एक है, चौथे खण्ड समा गये॥१॥

सम्पूर्ण ग्रन्थ मे आये हुए पद्यो की संख्या

— कलश—

द्विशत् त्रिशत् मूल गाथा द्विशत् चौरासी ढाल है।
सप्तविसति सैकडा पर अड़तीस गाह रसाल है॥
दोहा दोय सो है सत्ताईस सवैया दस चार है।
कवित्त पचपन तीस छप्पय पदडी पच्चीस सार है॥१॥
है सोरठा तीस सारे शिखरणी पनरावलि।
चन्द्रायणा धर चूंप पिस्तालीस कीना मन रलि॥
अडियल दस पुनि द्रुतविलम्बित चार चौपई तीन हे।
थियट्ठर खट छन्द पाँचई मालनी दो लीन हे॥२॥
सिलोका खट गीतिका इक दो पंच त्रोटक छन्द है।
वसु त्रिभंगी हरिगीतिका पिण आठ ही आनन्द है॥
एक कुण्डलिया मिला, आदि संख्या है महा।
राम यशोरसायन मैं कृति कीनि है अहा॥३॥
महा तपोनिधि वचनसिद्धि सुगुरु श्री बुधमाल है।
अति अनुग्रह तस चरण रज रचा ग्रन्थ रसाल है॥
मरुधरा पर मुनि "मिश्रीमल" विचरे है सदा।
सुगुरु कृपया नित्य वरते संघ मे सुख सम्पदा॥४॥

॥ समाप्तोऽयम्-ग्रन्थ ॥

परिशिष्ट

[रामायण के प्रमुख पात्रों के वृत्तांत]

के राजा सुकण्ठ की रानी कनकोदरी के गर्भ से सिंहवाहन नाम का पुत्र हुआ। सिंहवाहन ने चिरकाल तक राज्य-सुख भोगा। फिर तेरहवे तीर्थंकर विमल प्रभु के तीर्थ में लक्ष्मीधर नाम के मुनि से श्रमण-दीक्षा ले ली। कठोर तप करते हुए उसने श्रमण-पर्याय का पालन किया। आयुष्य पूर्णकर वह लातक स्वर्ग में देव बना और चिरकाल तक स्वर्गसुख भोगता रहा।

देवलोक की आयु पूर्ण करने के उपरान्त **दमयन्त** का जीव अंजना की कुक्षि मे **हनुमान** के रूप मे उत्पन्न हुआ।

पूर्वजन्मो मे सद्धर्म का आचरण करने से ही हनुमान वज्रदेही, चरम-शरीरी, तद्भव मोक्षगामी, अनेक सद्गुणो के भण्डार, महापराक्रमी और विद्याधरो के राजा बने।

सीता और भामण्डल

ढाल ६२, पृष्ठ ६८-१०३

वसुभूति नाम का एक ब्राह्मण जम्बूद्वीप के भरतक्षेत्र मे बसे दारु नाम के ग्राम में निवास करता था। उसकी पत्नी का नाम था *अनुकोशा* और पुत्र का नाम अनुभूति[1]। अनुभूति का विवाह सरसा नाम की सुन्दर युवती के साथ हुआ। सरसा से अनुभूति अत्यधिक प्रेम करता था।

सरसा अत्यन्त सुन्दरी होने के साथ-साथ अपने नाम के अनुरूप सरस भी थी, यानी वह सबसे मुस्कराकर-हँसकर बोलती। उसके मधुर-भाषिणी होने के कारण उसकी सुन्दरता मे चार चाँद लग गये। परिणाम यह हुआ कि कयान नाम के एक ब्राह्मण ने उसका अपहरण कर लिया।

सरसा के अपहरण से अनुभूति को बहुत दुख हुआ। वह पागल सा बनकर उसे ढूँढने लगा।

वसुभूति और अनुकोशा भी पुत्रवधू को ढूँढने निकल गये। मार्ग मे उन्हे एक मुनि के दर्शन हो गये। मुनि की वैराग्यवर्धिनी देशना मे उनका शोक कम हुआ और उन दोनो ने संयम स्वीकार कर लिया। संयम-पालन करते हुए देह त्यागकर सौधर्म देवलोक मे देव पर्याय प्राप्त की। वहाँ से च्यवकर वसुभूति का जीव वैताढ्य पर्वत पर अवस्थित रथनूपुर नगर का राजा चन्द्रगति विद्याधर बना और अनुकोशा का जीव उसकी रानी पुष्पावती बना।

सरसा को भी एक साध्वी का निमित्त मिल गया। उनकी प्रेरणा से

---

1 त्रिषष्टि० (७।४) मे इसका नाम अतिभूति दिया गया है।

सुन्दरी को साधारण लकडहारिन समझकर राजा प्रकाशसिंह ने उसे स्वीकार नही किया। परिणामस्वरूप कुलमण्डित राजमहल छोडकर वन की ओर चल दिया और पल्ली बनाकर वहाँ रहने लगा। जीविका-निर्वाह के लिये उसने लूट-मार करना शुरू कर दिया।

वह पल्ली क्योकि राजा दशरथ की राज्य सीमा के समीप थी, इसलिए वह दशरथ के प्रान्त भाग मे लूटमार करने लगा। दशरथ के एक सामन्त बालचन्द्र ने उसे पकडकर राजा के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। कुछ समय तक तो राजा ने उसे बन्दीगृह मे रखा और फिर छोड दिया।

अब कुलमण्डित उद्देश्यहीन होकर इधर-उधर भटकने लगा। भाग्य-योग से उसे मुनिश्री मुनिचन्द्र के दर्शन हो गये। उसने श्रावकधर्म स्वीकार कर लिया। किन्तु क्योकि राजकुमार होकर भी वह राज्य-सुख प्राप्त न कर सका, इसलिए उसके हृदय मे राज्य-प्राप्ति की लालसा बनी रही। कालधर्म पाकर वह राजा जनक की पत्नी विदेहा के गर्भ में अवतरित हुआ।

उधर ब्रह्मदेवलोक से च्यवकर सरसा का जीव भी राजा जनक की पत्नी विदेहा के गर्भ मे आया। दोनो जीव अनुक्रम मे गर्भ मे बढने लगे।

इधर जब पिंगल ने जंगल से लौटकर घर मे अतिसुन्दरी को न देखा तो वह बहुत दुखी हुआ। उसे खोजता हुआ इधर-उधर भटकने लगा। शुभयोग से उसे आचार्य आर्यगुप्त के दर्शन हो गये। उसने श्रमणधर्म स्वीकार कर लिया। व्रतो का पालन करते हुए भी उसके हृदय से अतिसुन्दरी न निकाल सकी और राजकुमार कुलमण्डित के प्रति भी वैरभाव बना रहा। फिर भी एक दिन की श्रमण पर्याय भी देव गति का कारण होती है, इस-लिए कालधर्म पाकर वह सौधर्म देवलोक मे देव बना।

इसी वैर के कारण जब जनक-पत्नी विदेहा ने युगल पुत्र-पुत्री को जन्म दिया तो उसने कुलमण्डित के जीव का हरण कर लिया, लेकिन कुल-मण्डित का जीव पूर्णायु लेकर आया था, इस कारण वह उसे मार न सका, सिर्फ वैताढ्य पर्वत के रथनूपुर नगर के नन्दनोद्यान मे रख आया। वहाँ चन्द्रगति विद्याधर ने उसे उठा लिया और अपना ही पुत्र मानकर उसका पालन-पोषण किया। उसका नाम भामण्डल रख दिया।

सरसा का जीव सीता के रूप में जनक के घर मे ही पलता रहा।

इधर प्रथम मुनि ने निरतिचार संयम का पालन किया और कालधर्म प्राप्त कर पाँचवे देवलोक में महर्द्धिक देव बने। पूर्वभव के स्नेह-संस्कारवश वे मुनिवेश धारण करके कौशाम्बी आये और रतिवर्द्धन को उसके पूर्वभव सुनाकर धर्माराधना की प्रेरणा दी। रतिवर्द्धन को भी जातिस्मरणज्ञान हो गया। संसार त्यागकर उसने मुनि-दीक्षा ली और आयु पूर्ण करके पाँचवे देवलोक मे देव बने।

वहाँ से च्यवकर दोनो भाई महाविदेहक्षेत्र के विबुद्ध नगर के राजा हुए। इस जन्म में भी संयम पालन करके अच्युत देवलोक मे देव बने। वहाँ से आयुष्य पूर्ण कर प्रथम-पश्चिम के जीव दोनो देव प्रतिवासुदेव रावण के इन्द्रजित और मेघवाहन नाम के पुत्र हुए।

रानी इन्दुमुखी उन दोनो की माता मंदोदरी के रूप में उत्पन्न हुई।

भरत और भुवनालंकार हाथी

ढाल २३७-२३८, पृष्ठ २५७-२६१

इस भरतक्षेत्र के वर्तमान अवसर्पिणी काल मे आदि तीर्थंकर श्री ऋषभदेव हुए। धर्मतीर्थ की स्थापना और जीवो के कल्याण के लिए उन्होने श्रामणी दीक्षा ग्रहण की। उनके साथ-साथ देखा-देखी अन्य चार हजार राजा भी प्रव्रजित हो गए।

इस समय तक लोग साधुचर्या मे अनभिज्ञ थे। वे नही जानते थे कि श्रमणो को निर्दोष आहार किस प्रकार दिया जाता है। परिणामस्वरूप मुनियो को भोजन न मिल सका। प्रभु तो निराहार रहकर ही अपनी संयम यात्रा चलाते रहे लेकिन अन्य श्रमण क्षुधा वेदना न सह सके। वे सयममार्ग से च्युत हो गए।

उन च्युत हुए श्रमणो मे प्रह्लादन और सुप्रभ राजाओ के पुत्र चन्द्रोदय और सुरोदय भी थे। संयमच्युत होकर वे सुदीर्घकाल तक भवभ्रमण करते रहे।

भवभ्रमण की इस सुदीर्घ प्रक्रिया मे एक बार चन्द्रोदय का जीव गजपुर के राजा हरिमती और उसकी रानी चन्द्रलेखा का कुलंकर नाम का पुत्र हुआ। सुरोदय का जीव भी उसी नगर मे विश्वभूति ब्राह्मण की पुत्री अग्निकुण्डा का पुत्र श्रुतिरति हुआ। अनुक्रम से कुलंकर राजा बना और श्रुतिरति इसका पुरोहित।

एक बार कुलंकर किसी तापस से मिलने के लिए उसके आश्रम की

ओर जा रहा था। मार्ग मे उसे अवधिज्ञानी मुनि अभिनन्दन के दर्शन हो गए। कुलंकर ने उनकी वंदना की। मुनिराज को वंदन करके राजा आगे चलने लगा तो अवधिज्ञान से सब कुछ जानकर और जीवदया की भावना से प्रभावित होकर मुनिश्री ने कहा—

"राजन्! जिस तापस से मिलने तुम जा रहे हो, वह पंचाग्नि-तप तपता है। वहाँ जलाने के लिए लाये हुए लट्ठो मे से एक मे एक सर्प है। वह सर्प तुम्हारे पितामह राजा क्षेमंकर का जीव है। अत उस लट्ठे को सावधानी से चिरवाकर उसकी प्राण-रक्षा करना।"

'ऐसा ही करूँगा' कहकर राजा कुलंकर चल दिया। वह तापस के आश्रम मे पहुँचा। वहाँ उसने लट्ठो को चिरवाया तो उनमे से एक मे सर्प निकला। राजा कुलंकर श्रमणसाधुओ के अतिशयज्ञान, लोकोपकारीवृत्ति और जीवदया की भावना से बहुत प्रभावित हुआ। उसके हृदय मे वैराग्य-भाव उमडने लगे।

अपने वैराग्य-भाव उसने पुरोहित श्रुतिरति के समक्ष प्रगट किये तो श्रुतिरति अपने भविष्य के लिए चिन्तित हो गया। उसे अपनी आजीविका की हानि होती दिखाई दी। अपने स्वार्थ के वशीभूत होकर उसने विपरीत सलाह दी—

"राजन्! संन्यास और प्रव्रज्या तो वृद्धावस्था मे लेनी चाहिए। युवावस्था तो गृहस्थाश्रम के लिए ही है। आप राज्य का संचालन करते हुए ही गृहस्थधर्म का यथायोग्य पालन करे। यही उचित है, इसलिए आप इस समय प्रव्रजित होने का विचार त्याग दीजिए।"

पुरोहित के इन शब्दो से राजा का वैराग्य लेने का उत्साह भंग हो गया। वह श्रावकव्रत पालता हुआ गृहस्थाश्रम मे ही रहने लगा।

एक क्रिया किसी को सुखदायी होती है तो किसी के लिए दु:ख का कारण भी बन जाती है। राजा कुलंकर की एक रानी का नाम था श्रीदामा। वह पुरोहित श्रुतिरति के प्रति आसक्त थी। दोनो मे अनुचित सम्बन्ध था। पुरोहित ने तो कुलंकर को प्रव्रजित होने मे अपने स्वार्थवश रोका था, लेकिन रानी श्रीदामा के पापी हृदय मे शका का नाग कुलबुला उठा। जब उसने राजा के प्रव्रजित होने का विचार सुना तो बहुत प्रसन्न हुई, सोचा—अब मैं निराबाध अपना अनुचित सम्बन्ध जारी रख सकूँगी, लेकिन जब राजा का

वैराग्यभाव मंद हो गया तो उससे समझा कि राजा को मेरे अनुचित सम्बन्धो का पता लग गया है। वह राजा की शत्रु वन गई।

कामान्ध नारी क्या नही कर डालती ? श्रीदामा ने पुरोहित के सहयोग के अपने पति राजा कुलंकर को विप देकर मार दिया।

कुछ काल पश्चात् पुरोहित श्रुतिरति भी मर गया।

राजा कुलंकर और पुरोहित श्रुतिरति—दोनो चिरकाल तक भवभ्रमण करते रहे।

वहुत लम्वा काल व्यतीत हो जाने के वाद राजगृह नगर मे कपिल व्राह्मण की पत्नी सावित्री के उदर से राजा कुलंकर और पुरोहित श्रुतिरति के जीवो ने पुत्र रूप में जन्म लिया। वहाँ इनके नाम क्रमश रमण और विनोद रखे गये। रमण वेदो का अध्ययन करने के लिए काशी नगरी मे चला गया। पीछे से विनोद का विवाह शाखा नाम की एक तरुणी से हो गया। शाखा अतिशय कामुक और दुराचारिणी स्त्री थी। उसके पति विनोद को भी उसके चरित्र पर सन्देह था।

कितने ही वर्प वाद रमण वेदाध्ययन एवं ज्ञानार्जन करके वापिस राजगृह लौटा, लेकिन रात्रि का समय हो जाने मे नगर-रक्षको ने उसे नगर मे प्रवेश करने दिया। रात्रि व्यतीत करने के लिए वह यक्षमंदिर मे विश्राम हेतु रुक गया।

रात्रि के समय विनोद की पत्नी शाखा दत्त व्राह्मण के संकेत पर उसी यक्ष मन्दिर मे आई। दत्त किसी कारणवश वहाँ न आ सका। शाखा ने रमण को सोते देखा तो उसने उसी को दत्त समझा और उसे जगाकर रतिक्रिया मे निमग्न हो गई। विनोद को भी अपनी पत्नी पर सन्देह तो था ही, वह भी नंगी तलवार लिए पत्नी का पीछा करता-करता वहाँ आ पहुँचा। वहाँ उसने दोनो को पापाचार मे लीन देखा तो क्रोध में भर गया। उसने रमण को मार डाला। विनोद की पत्नी शाखा भी क्रोध मे वेभान हो गई। उसने समझा कि उसके पति ने उसके जार दत्त व्राह्मण को मार डाला है, इसलिए उसने अपने पति विनोद की तलवार छीनकर उसी से उसका प्राणान्त कर दिया।

रमण और विनोद दोनो अव फिर भवभ्रमण करने लगे।

जन्म-मरण करते हुए विनोद का जीव एक धनाढ्य श्रेप्ठी का धन नाम का पुत्र हुआ और रमण का जीव लक्ष्मी नाम की स्त्री का भूपण नाम

का पुत्र बना। धन की प्रेरणा और सहयोग से भूषण का विवाह बत्तीस श्रेष्ठिकन्याओ के साथ हो गया। एक रात्रि को भूषण अपने घर के सामने बैठा था कि उसे श्रीधर मुनि का कैवल्योत्सव मनाने हेतु जाते देवविमान आकाश मे दिखाई दिये। वह भी केवली मुनि के दर्शनो के लिए लालायित हो उठा। दो-चार कदम ही चला कि अंधेरे मे एक भयंकर काले नाग पर पाँव पड गया। विषधर ने काट खाया। शुभ परिणामो मे मरकर वह बहुत काल तक शुभ योनियो मे परिभ्रमण करता रहा। फिर इसी जम्बूद्वीप के अपर महाविदेह क्षेत्र के रत्नपुर नगर के अचल चक्रवर्ती की रानी हारिणी की कुक्षि से उत्पन्न हुआ। उसका नाम प्रियदर्शन रखा गया। उसकी इच्छा तो बिना विवाह किये ही प्रव्रजित होने की थी, परन्तु पिता के अत्यधिक आग्रह के कारण उसे तीन हजार नवयौवनाओं के साथ विवाहसूत्र मे बंधना पड़ा। चौसठ हजार वर्ष तक गृहस्थधर्म का पालन करते हुए वह सवेगपूर्वक गृहस्थाश्रम मे रहा और कालधर्म पाकर ब्रह्मलोक मे देव बना।

इधर धन भी संसार परिभ्रमण करता हुआ पोतनपुर मे अग्निमुख नामक ब्राह्मण की पत्नी शकुना के उदर मे मृदुमति नाम का पुत्र हुआ। मृदुमति अविनीत था, इसीलिए उसके पिता ने उसे घर मे निकाल दिया। अनेक देश-विदेशो मे भ्रमण करता हुआ मृदुमति अनेक कलाओ में निपुण हो गया, साथ ही पक्का धूर्त भी बन गया। द्यूत मे तो वह इतना कुशल हो गया कि उसे जीतना प्राय असम्भव ही था। द्यूतक्रीडा के माध्यम मे उसने विपुल धन अर्जित किया। धनोपार्जन के साथ साथ उसे वेश्यागमन का व्यसन भी लग गया। वह वेश्या वसतसेना मे आसक्त हो गया और वृद्धावस्था तक काम सुख भोगता रहा। वृद्धावस्था में जब इन्द्रियाँ शिथिल हो गई तो उसमे धर्मभावना जागी। उसने प्रव्रज्या ग्रहण करके तपस्या की और पांचवे देवलोक में देव बना।

धन का जीव कपट-दोष के कारण भुवनालंकार हाथी बना और प्रियदर्शन का जीव राम का छोटा भाई भरत।

इस प्रकार चन्द्रोदय का जीव भगवान ऋषभदेव के समय मे अनेक शुभाशुभ योनियो मे भ्रमण करता हुआ श्रीराम का अनुज भरत बना और इस जन्म मे तप करके मुक्त हुआ।

शत्रुघ्न और कृतांतमुख (राम का सारथी)

ढाल २४२-२४३, पृष्ठ २६५-६८

किसी नगर मे श्रीधर नाम का एक विप्र निवास करता

उसी नगर मे एक अन्य वणिक भी रहता था। उसका नाम सागरदत्त था। उसकी पत्नी का नाम रत्नप्रभा था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री, ये दो सन्ताने थी। पुत्र का नाम था गुणधर और पुत्री का नाम था गुणवती।

उसी नगर मे एक तीसरा श्रेष्ठी भी रहता था। उसका नाम श्रीकान्त था और वह बहुत ज्यादा धनी था।

वणिक सागरदत्त ने अपनी पुत्री गुणवती का विवाह सेठ नयदत्त के बड़े पुत्र धनदत्त के साथ निश्चित किया। लेकिन सागरदत्त की पत्नी रत्नप्रभा लोभ मे फँस गई। उसने चुपचाप गुप्त रूप से गुणवती का विवाह धनी सेठ श्रीकान्त के साथ निश्चित कर दिया।

किसी तरह यह समाचार ब्राह्मण याज्ञवल्क्य को ज्ञात हो गया। सगपण (सगाई) किसी से और विवाह की बात किसी दूसरे पुरुष के साथ, यह तो सरासर विश्वासघात और धोखेबाजी थी। याज्ञवल्क्य इस धोखेबाजी को न सह सका। उसने सम्पूर्ण वृत्तान्त अपने मित्रो धनदत्त और वसुदत्त को बता दिया।

वसुदत्त को इस कपटपूर्ण आचरण से इतना क्रोध आया कि वह बेभान हो गया। रात्रि को ही नगी तलवार लेकर सेठ श्रीकान्त के घर जा धमका। श्रीकान्त ने भी उसका मुकाबिला तलवार से ही किया। इस खड्ग-सघर्ष मे दोनो ही मारे गये।

दोनो ही मरकर विध्याटवी मे मृग हुए। गुणवती भी कुँवारी ही मर गई। वह भी विध्याटवी मे मृगी हुई। इस मृगी के कारण दोनो ही मृग परस्पर जूझ गये और लडते-लडते प्राण दे दिये।

इसी प्रकार वसुदत्त और श्रीकान्त के जीव अनेक योनियो मे जन्म लेते रहे और गुणवती के जीव के निमित्त से लडते-मरते रहे। उनका वैर बढता ही रहा।

इधर धनदत्त अपने छोटे भाई वसुदत्त की मृत्यु से बहुत दुखी हुआ। वह घर से निकल गया और इधर-उधर भटकने लगा। एक रात्रि को वह बहुत ही क्षुधातुर हो गया। भूख उसे असह्य हो गई। वन मे भटकते-भटकते उसे एक मुनि दिखाई दे गये। वह उनके पास पहुँचा और उनसे भोजन की याचना करने लगा। मुनि ने समझाया—

"वत्स ! हम साधु लोग भोजन का सचय कभी नही करते। हमारे

पास भोजन कहाँ है ? फिर यह रात्रि का समय भी है। रात्रि को तो पक्षी भी भोजन नहीं करते, तुम तो मनुष्य हो। रात्रि के अन्धकार मे भोजन के साथ कोई विषैला जीव पेट मे चला जाय तो उसकी तो हिंसा हो ही जायगी किन्तु तुम्हारे भी प्राणो पर आ बनेगी। इसलिए प्रात काल ही भोजन करना।"

मुनि के इन शब्दो से धनदत्त को बहुत सन्तोष हुआ। उसने श्रावक-व्रत ग्रहण कर लिये। श्रावकव्रत पालन करते हुए कालधर्म प्राप्त करके वह सौधर्म देवलोक में देव बना। वहाँ से च्यवकर वह महापुर निवासी सेठ मेरु और सेठानी धारिणी का पद्मरुचि नाम का पुत्र हुआ। इस जन्म मे भी वह परम श्रावक था।

एक बार वह अपने घोडे पर बैठकर गोकुल को जा रहा था। मार्ग में उसे एक मरणासन्न बैल दिखाई दिया। बैल अन्तिम साँसे गिन रहा था। पद्मरुचि के उर मे करुणा का संचार हो गया। वह घोडे से उतरा और परलोक के पाथेय के रूप मे बैल को महामन्त्र नवकार सुनाने लगा। मन्त्र के प्रभाव से बैल के परिणाम शान्त हुए। वह मरकर उसी नगर के राजा छत्रछाय की रानी श्रीदत्ता की कुक्षि से वृषभध्वज नाम का पुत्र हुआ। कुमार वृषभध्वज जब युवा हो गया तब एक बार वह घूमता-घामता अपने पूर्वभव (बैल के भव) की मृत्युभूमि पर आ गया। उस भूमि का स्पर्श करते ही उसे जातिस्मरणज्ञान हो गया। पूर्वभव का अन्तिम दृश्य उसकी आँखो के सामने नाचने लगा। अपने उपकारी को खोजने की उसकी इच्छा अति तीव्र हो उठी। उसने उसी स्थान पर अपने पूर्वभव का दृश्य अंकित करते हुए एक चित्र का निर्माण कराया और वही रक्षक बिठा दिये। उनको आदेश दे दिया कि जो भी इसे रुचिपूर्वक देखे और इसका रहस्य बताये उसकी सूचना तुरन्त मुझे दे देना।

पद्मरुचि श्रावक एक बार उधर से निकला। चित्र को विस्मित होकर देखने लगा। रक्षको ने वृषभध्वज को सूचना दी। वह तुरन्त वहाँ आया और अपने उपकारी श्रावक पद्मरुचि को अपने साथ ले गया। श्रावक पद्म-रुचि चिरकाल तक श्रावकधर्म का पालन करता रहा। वृषभध्वज और पद्म-रुचि दोनो मरकर ईशान कल्प मे महर्द्धिक देव हुए।

ईशान कल्प से च्यवकर पद्मरुचि का जीव मेरुपर्वत की पश्चिम दिशा में स्थित वैताढ्यपर्वत पर नन्दावर्त नगर के राजा नन्दीश्वर

मुनि तो उत्तमक्षमाधर्म के धारी थे। वे तो पहले भी वेगवती का कल्याण चाहते थे और अब भी उनके हृदय मे उसके प्रति कल्याणभावना थी। लेकिन शासनदेव ने वेगवती को क्षमा करके उसकी व्याधि को मिटा दिया। उसे पुन पहले के समान ही रूपवती बना दिया।

वेगवती श्रद्धालु श्राविका बन गई।

शम्भु राजा ने वेगवती के रूप पर आकर्षित होकर श्रीभूति पुरोहित से उसकी याचना की। श्रीभूति ने यह कहकर राजा की माँग ठुकरा दी कि 'मिथ्यात्वी के साथ वेगवती का विवाह नही किया जा सकता।' इस पर शम्भु राजा कुपित हो गया। उसने पुरोहित श्रीभूति की हत्या कर दी और वेगवती के साथ बलात्कार किया। इस घोर अपमान से क्षुभित होकर वेगवती ने शम्भु राजा को शाप दिया कि 'मै भवान्तर मे तुम्हारे नाश का कारण बनूँ।'

यह शाप सुनकर शम्भु राजा का हृदय काँप गया। उसने वेगवती को छोड दिया। वेगवती ने हरिकान्ता नाम की आर्या के पास महाव्रत ग्रहण किये और कालधर्म पाकर ब्रह्म देवलोक मे उत्पन्न हुई। वहाँ से च्यवकर राजा जनक की पुत्री सीता बनी।

इस प्रकार गुणवती का जीव अनेक भव करके सीता के रूप में उत्पन्न हुआ। वेगवती के भव मे दिये शाप के कारण वह रावण के नाश का निमित्त बनी और मुनिराज के मिथ्या-अपवाद के कारण उसका भी अयोध्या मे अपवाद हुआ, उस पर भी मिथ्या कलक लगा।

शम्भु राजा का जीव भवभ्रमण करता हुआ एक बार कुशध्वज ब्राह्मण की पत्नी सावित्री के गर्भ मे प्रभास नाम का पुत्र हुआ। इस भव मे प्रभास ने विजयसिंह मुनि के श्रीचरणो में दीक्षा ली। तपश्चर्या करते हुए उसने एक दिन कनकप्रभ नाम के विद्याधर राजा को देखा। विद्याधर राजा की समृद्धि इन्द्र के समान महान थी। प्रभास ने उस समृद्धि को देखकर निदान किया कि 'इस तप के फलस्वरूप मै भी ऐसा ही समृद्धिसम्पन्न बनूं।'

मरकर वह तीसरे देवलोक मे देव बना और वहाँ से च्यवकर राक्षसपति रावण। उस निदान के कारण ही वह प्रतिवासुदेव और समस्त विद्याधरो का राजा बना।

इस प्रकार श्रेष्ठी श्रीकान्त का जीव लंकापति दशानन बना।

याज्ञवल्क्य ब्राह्मण, जो धनदत्त और वसुदत्त का मित्र था, वह अनेक भव करता हुआ, इस जन्म मे रावण का भाई **विभीषण** वना।

शम्भु राजा के द्वारा जो पुरोहित श्रीभूति की हत्या की गई थी, वह मरकर नरक[1] गया। नरक से निकलकर श्रीभूति का जीव विदेह के सुप्रतिष्ठ-पुर मे पुनर्वसु विद्याधर हुआ। एक वार उसने पुण्डरीक विजय के त्रिभुवना-नन्द चक्रवर्ती की पुत्री अनंगसुन्दरी का अपहरण किया और विमान मे विठाकर ले चला। अनंगसुन्दरी भी उसके प्रति आकर्षित थी, अत वह भी चली गई। लेकिन पिता त्रिभुवनानन्द चक्रवर्ती अपनी पुत्री अनंगसुन्दरी के अपहरण से कुपित हो गया। उसने विद्याधर पुनर्वसु को पकडने के लिए विद्याधर सेना भेजी। पुनर्वसु और चक्रवर्ती द्वारा भेजी गई सेना मे युद्ध होने लगा। इस युद्ध के दौरान अनंगसुन्दरी विमान से गिर पडी, किन्तु वह एक लता-मंडप मे गिरी, इस कारण उसे विशेष चोट नही लगी।

अनंगसुन्दरी लतामंडप से उठकर वन मे निकल गई। वहाँ उसने किसी साधु के निमित्त से व्रत धारण कर लिये और तपश्चरण करने लगी। आयु के अन्तिम दिन जव वह कायोत्सर्ग मे लीन थी, उसे एक अजगर निगल गया। समभाव और समाधिपूर्वक देह त्यागकर वह देवलोक मे देवी वनी। वहाँ से आयु पूर्ण कर वह कौतुकमंगल नगर के राजा द्रोण-मेघ की पुत्री विशल्या के रूप मे उत्पन्न हुई और राम के अनुज वासुदेव लक्ष्मण की पत्नी वनी।

विद्याधर पुनर्वसु ने जव अनगसुन्दरी को गिरा देखा तो उसे वहुत दुःख हुआ, वह शोक से भर गया। उसने भवान्तर मे अनंगसुन्दरी को पाने का निदान किया और तप करते हुए मरण करके देवलोक मे उत्पन्न हुआ। वहाँ से च्यवकर आठवाँ वासुदेव लक्ष्मण वना।

इस प्रकार **वसुदत्त** का जीव अनेक जन्म-मरण करके दशरथ-पुत्र **लक्ष्मण** वना।

---

१ त्रिषष्टि (७ १०) मे श्रीभूति पुरोहित का जीव स्वर्ग मे उत्पन्न हुआ यह वतलाया है।

लवण और अंकुश (लव-कुश) और श्रावक सिद्धार्थ

ढाल २७५, पृष्ठ ३२२

काकन्दी नगरी मे वामदेव नाम का एक ब्राह्मण रहता था, उसकी पत्नी का नाम श्यामला था और उसके वसुनन्द और सुनद नाम के दो पुत्र थे।

एक बार एक मासोपवासी मुनि उनके घर भिक्षा के लिए पधारे। दोनो भाइयो ने उन्हे भक्तिपूर्वक आहार दिया। इस दान के प्रभाव से दोनो उत्तरकुरु भोगभूमि मे युगलिया हुए। वहाँ से आयु पूर्ण कर सौधर्म देवलोक मे देव बने।

सौधर्म देवलोक से च्यवकर दोनो भाई काकन्दी नगरी के राजा वामदेव की रानी सुदर्शना के गर्भ से प्रियंकर और शुभंकर नाम के पुत्र बने। वहाँ राज्यसुख भोगकर प्रव्रजित हो गये। तप के फलस्वरूप उन्हे ग्रैवेयक मे देव पर्याय् प्राप्त हुई। वहाँ से आयु पूर्ण कर सीताजी के गर्भ से लवण-अकुश के रूप में जन्मे।

उनकी पूर्वभव की माता **श्यामला** अनेक योनियो मे भ्रमण करती हुई **सिद्धार्थ** नामक श्रावक बनी। पूर्वभव के स्नेह के कारण ही उसने लवण-अकुश को विभिन्न प्रकार की शस्त्रास्त्र एवं अन्य व्यावहारिक विद्या तथा कलाओ एव आगम तथा तत्त्वज्ञान मे निपुण बनाया।

लवण और अकुश (लव-कुश) और श्रावक सिद्धार्थ

ढाल २७५, पृष्ठ ३२२

काकन्दी नगरी में वामदेव नाम का एक ब्राह्मण रहता था, उसकी पत्नी का नाम श्यामला था और उसके वसुनन्द और सुनद नाम के दो पुत्र थे।

एक बार एक मासोपवासी मुनि उनके घर भिक्षा के लिए पधारे। दोनो भाइयो ने उन्हे भक्तिपूर्वक आहार दिया। इस दान के प्रभाव से दोनो उत्तरकुरु भोगभूमि में युगलिया हुए। वहाँ से आयु पूर्ण कर सौधर्म देवलोक में देव बने।

सौधर्म देवलोक से च्यवकर दोनो भाई काकन्दी नगरी के राजा वामदेव की रानी सुदर्शना के गर्भ से प्रियंकर और शुभंकर नाम के पुत्र बने। वहाँ राज्यसुख भोगकर प्रव्रजित हो गये। तप के फलस्वरूप उन्हे ग्रैवेयक मे देव पर्याय प्राप्त हुई। वहाँ से आयु पूर्ण कर सीताजी के गर्भ से लवण-अंकुश के रूप में जन्मे।

उनकी पूर्वभव की माता श्यामला अनेक योनियो मे भ्रमण करती हुई सिद्धार्थ नामक श्रावक बनी। पूर्वभव के स्नेह के कारण ही उसने लवण-अकुश को विभिन्न प्रकार की शस्त्रास्त्र एवं अन्य व्यावहारिक विद्या तथा कलाओ एव आगम तथा तत्त्वज्ञान मे निपुण बनाया।